Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Wednesday, 14 August 2024 ● Year : 02 ● Issue : 207 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

लोग शायद ही कभी वह करते हैं, जिस पर वे विश्वास करते हैं। वे वही करते हैं, जो सुविधाजनक होता है। फिर पश्चाताप करते हैं।

-बॉब डिलन

Ananya Pandey Shares Glimpse...

SHARE

सेंसेक्स	:	78,956.03
निफ्टी	:	24,139.00

SARAFA

सोना	:	6,735
चांदी	:	88.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

भागलपुर में पुलिस लाइन में पांच लोगों के मिले शव

PATNA : भागलपुर के इशाकचक थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन में एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले। पुलिस लाइन के क्वार्टर से मंगलवार सुबह एक महिला सिपाही और उसके परिवार के चार सदस्यों के शव मिले। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें सिपाही पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाया गया है। डीआईजी विवेकानंद के मुताबिक, सभी मृतक बक्सर के रहने वाले थे। शव के साथ ही एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें महिला सिपाही नीतू कुमारी के पति पंकज ने हत्या की बात को स्वीकार की है। पंकज ने लिखा है कि पत्नी ने मेरी मां तथा दोनों बच्चों की गला रेत कर हत्या कर दी। इसलिए उसने पत्नी को मारकर खुद को फांसी लगा ली। साथ ही उसने पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। डीआईजी ने बताया कि महिला सिपाही ने आरोपित पति से लव मैरेज की थी। उन्होंने बताया कि मृतक महिला सिपाही नीतू कुमारी 2015 बैच की हैं। आसपास के पुलिस कर्मियों से पूछताछ में पता चला है कि पति-पत्नी में आपस में कई दिनों से विवाद चल रहा था।

बिहार के औरगांबाद में नहर में गिरी कार, पांच की मौत

PATNA : बिहार में औरगांबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के नहर रोड में चमन बिगहा के पास सोन कैनाल नहर में मंगलवार को एक कार असंतुलित होकर गिर गई, जिसमें कार पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक किशोर भी है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को नहर में कार गिरे होने की सूचना दी। पुलिस ने जब कार को देखा तो उसमें पांच लोग थे, जिनकी मौत हो चुकी थी।पुलिस ने शव को निकलवाया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। देखकर ऐसा लग रहा है कि सभी कहीं से पूजा करके लौट रहे थे।

रूस के 1000 वर्ग किमी इलाके पर यूक्रेन का कब्जा

NEW DELHI : यूक्रेन ने रूस के 1,000 वर्ग किमी से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। सीएनएन के मुताबिक एक सप्ताह पहले यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला किया था। तब से यहां के करीब 28 गांवों पर कब्जा कर चुके हैं। कुर्स्क में टैंकों और तोपखानों से लैस करीब एक हजार यूक्रेनी सैनिक 6 अगस्त को दाखिल हुए थे। इसके बाद रूस ने 8 अगस्त को ही यहां इमरजेंसी लगा दी थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे यूक्रेन की उकसाने वाली हरकत बताया है। उन्होंने अपने रक्षा अधिकारियों को यूक्रेनी सेना को रूसी इलाके से खदेड़ने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने सोमवार को कुर्स्क के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कुर्स्क के प्रमुख एलेक्सी स्मिरनोव ने पुतिन को बताया कि उनके इलाके में कई बस्तियों पर यूक्रेनी सेना ने कब्जा कर लिया है।

6 माह से बिना बिजली मां-बेटी अपार्टमेंट में बंद

बीसीसीएल अधिकारी पिता की मौत के बाद सदमे में बेटी और मां बनीं मानसिक रोगी

PHOTON NEWS DHANBAD : सरायढेला थाना क्षेत्र के श्री शिव शक्ति अपार्टमेंट के चौथे माले पर फ्लैट नंबर 104 और 102 में रहने वाली लतिका अग्रवाल और उनकी बेटी स्वाति अग्रवाल पिछले 6 महीने से कमरे में बंद हैं। मटकिया में रहने वाली बड़ी बेटी स्वस्ति अग्रवाल के आवेदन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार और स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया। मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने स्पेशल टीम का गठन किया। टीम में डॉ. राजीव कुमार, मनोरोग चिकित्सक डॉ. मीनाक्षी, काउंसलर अभिशिक्ता मुखर्जी, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, डालसा सहायक राजेश सिंह, अरुण कुमार थाना प्रभारी नूतन मोदी व पुलिस बल अपार्टमेंट पहुंचे। इसके बाद मां-बेटी की काउंसलिंग शुरू की गई।

● प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर टीम ने शुरू की दोनों की काउंसलिंग

पहले बात करने से किया माना, 3 घंटे बाद हुईं राजी

कमरे के अंदर जाने पर पता चला कि यहां 6 महीने से बिजली कटी हुई है। मां और बेटी इसी अंधेरे में ही रहती हैं। किसी के पास जाना या मिलना-जुलना बिल्कुल बंद है। पहले तो मां-बेटी ने किसी भी प्रकार से टीम के साथ बात करने से मना कर दिया। इसके बाद काफी समझाने के बाद लगभग तीन घंटे तक काउंसलिंग की प्रक्रिया चली। इसके बाद मां-बेटी बात मानने को राजी हुईं।

लाश के साथ 9 घंटे तक रही थीं कमरे में

लतिका अग्रवाल के पति चंद्रप्रकाश अग्रवाल बीसीसीएल में अधिकारी थे। सेवानिवृत्ति के बाद 12 अक्टूबर 2023 को चंद्रप्रकाश अग्रवाल का निधन हो गया। उस समय मां-बेटी लाश के साथ लगभग 9 घंटे तक अपने कमरे में ही रहीं। स्थानीय पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद लाश को कमरे से बाहर निकल गया था और अंत्येष्टि के लिए भेजा गया था।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार से की गई थी शिकायत

बताया जाता है कि तब से मां-बेटी सदमे में ही रह गईं। धीरे-धीरे वे अंधेरे की आदी होने लगीं। बड़ी बेटी स्वस्ति अग्रवाल मटकुरिया के बैंक मोड़ में रहती है। लंबा समय हो जाने के बाद बड़ी बेटी ने इसकी शिकायत जिला विधिक सेवा प्राधिकार और विभाग के अधिकारियों से किया। आवेदन आने के बाद प्राधिकार ने इसे गंभीरता से लिया।

स्वाति अग्रवाल ने कहा- जिंदा हैं मेरे पिता

स्वाति अग्रवाल ने टीम के सामने बताया कि उसके पिता जिंदा हैं, उनकी मृत्यु नहीं हुई है। पिता हमेशा हमारे साथ ही रहते हैं। उनके पिता को लाइट और बिजली पसंद नहीं है, इसलिए हम बिजली और लाइट का प्रयोग नहीं करते हैं। किसी प्रकार से मां बाहर से खाने की चीज लाती है। बाद में काउंसलिंग के बाद मां बेटी राजी हुई कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मनोचिकित्सक और काउंसलर ने भी काफी काउंसलिंग की। 3 घंटे के बाद दोनों बिजली में रहने के लिए राजी हो गए और सामान्य जीवन जीने के लिए भी राजी हो गईं।

बोकारो में बुजुर्ग महिला ने स्कूल तोड़ने के विरोध में कर लिया आत्मदाह

PHOTON NEWS BOKARO : जिले के पेटरवार प्रखंड की दारिद पंचायत के खुटाहरा गांव में सड़क निर्माण के रास्ते में आ रहे आनंद मार्ग के स्कूल को तोड़े जाने का विरोध करते हुए स्कूल संचालिका साध्वी उद्धत आनंद हितकारिणी (68) ने आत्मदाह कर लिया। बुजुर्ग महिला ने अपने आप को स्कूल में बने एक कमरे में बंद कर इस घटना को अंजाम दिया, जिससे वो बुरी तरह जल गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रही रांची-बोकारो सड़क निर्माण कार्य को लेकर टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। प्रशासन के सामने बुजुर्ग महिला ने दरवाजा बंद कर आत्मदाह की कोशिश की। यहां आनंद मार्ग द्वारा स्कूल संचालित किया जा रहा है। संस्थान से जुड़ी साध्वी स्कूल की देखरेख करती थीं। भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए रांची बोकारो फोरलेन सड़क निर्माण के लिए उस जमीन को चिन्हित किया गया है। भू-अर्जन विभाग द्वारा उक्त जमीन के लिए 4 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि भी आवंटित की गई है, लेकिन संस्था और जमीन कब्जेदार के बीच हो रहे विवाद के कारण अभी तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। सड़क निर्माण भी

● अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस व एनएचएआई टीम के सामने दे दी जान

● किचेन में जाकर खुद को लगाई आग, बिना नोटिस पहुंची थी एनएचएआई की टीम

अधर में लटका हुआ है। एनएचएआई की टीम स्थानीय प्रशासन को लेकर संबंधित कब्जेदार को समझाने गई थी, उसी दौरान एक महिला ने इस घटना को अंजाम दिया। इस घटना को देखकर मौके पर मौजूद पुलिस और लोगों के होश उड़ गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा दी गया। 90 प्रतिशत जल चुकी महिला को आनन फानन में पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आपसी वर्चस्व की लड़ाई में उलझा है मामला

बेरमो एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण में मुआवजा राशि देने के लिए प्रशासन दो सालों से कोशिश कर रहा है, लेकिन दो गुटों के आपसी वर्चस्व की लड़ाई में अब तक मामला उलझा हुआ है। आज प्रशासन और एनएचएआई की टीम मामला को सुलझाने के लिए गई थी, जो भी आरोप लगाया जा रहा है वो बिल्कुल निराधार है। दबाव बनाने के लिए महिला ने यह काम किया है, इसकी जांच की जा रही है। पिछले 34 साल से चल रहा स्कूल बताया जाता है कि यह जमीन कोलकाता निवासी सर्वात्मानंद अवधूत के नाम पर है। इस जमीन पर मृतका पिछले 34 साल से स्कूल चला रही थीं। एनएचएआई ने सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण किया,लेकिन भुगतान से पहले आनंद मार्ग के किसी सदस्य ने इस पर दावा कर दिया। इस कारण भुगतान नहीं हुआ और मामला हाईकोर्ट में चला गया। स्कूल में अभी 70 से 80 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद दिया आदेश

डॉक्टर रेप और मर्डर कांड की जांच करेगी सीबीआई

AGENCY KOLKATA : मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्तपाल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने मामले की केस डायरी का अवलोकन करने के बाद यह आदेश दिया। हाईकोर्ट का कहना है कि पुलिस और अस्पताल द्वारा की गई जांच व तथ्य संतोषजनक नहीं थे। पुलिस ने जो केस डायरी कोर्ट में सौंपी है, उससे भी हाई कोर्ट संतुष्ट नहीं है। इसीलिए केंद्रीय जांच एजेंसी को पूरी घटना की जांच का जिम्मा दिया गया है। हाई कोर्ट ने कहा कि मामले की जांच कोर्ट की निगरानी में होगी।

कोलकाता पुलिस नहीं करेगी जांच : मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पांच दिन बाद भी घटना की जांच में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई है। हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि कोलकाता पुलिस मामले की आगे जांच नहीं करेगी। चीफ जस्टिस ने कोर्ट में मौजूद सीबीआई अधिकारी को केस डायरी सौंपने का आदेश दिया।

कहा- 5 दिन हो गए, पुलिस ने कुछ नहीं किया, मिटाए जा सकते हैं सबूत

- सरकार आज सुबह 10 बजे तक सीबीआई को सौंपेगी केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड
- अदालत ने कहा- प्रिंसिपल को छुट्टी पर भेजो या हम ऑर्डर पास करें
- प्रिंसिपल ने कहा था- ट्रेनी डॉक्टर मेरी बेटी की तरह

कोर्ट ने कहा- प्रिंसिपल ने इस्तीफा क्यों दिया, यह समझना मुश्किल

हाईकोर्ट ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष सक्रिय नहीं थे। प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। बल्कि इस्तीफे के 12 घंटे के भीतर 12 अगस्त को उन्हें एनएमसी, कोलकाता का प्रिंसिपल बना दिया गया। यह समझना मुश्किल है कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया और दूसरे मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बनाने की क्या जल्दी थी। हाईकोर्ट ने डॉ संदीप कुमार घोष को छुट्टी पर जाने का आदेश दिया है।

रिम्स की ओपीडी सेवा ठप, परेशान रहे मरीज

RANCHI : ट्रेनी डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की वजह से पूरे देश में चिकित्सा जगत से जुड़े लोग बेहद दुखी और आक्रोशित हैं। सुरक्षा की मांग को लेकर राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने भी कार्य बहिष्कार कर दिया है। इसका सीधा असर ओपीडी सेवा पर दिखा। ओटी सेवा भी प्रभावित हुई। हड़ताल की जानकारी नहीं मिलने के कारण ओपीडी में चेकअप कराने दूर दराज से आए मरीजों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

सुप्रीम कोर्ट बोला- बेल न देना मौलिक अधिकार का उल्लंघन

NEW DELHI : मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत नियम है और जेल अपवाद, यह कानूनी सिद्धांत यूएपीए जैसे स्पेशल केस में भी लागू होता है। जिन मामलों में जमानत मिलनी चाहिए, अगर अदालतें उनमें बेल से मना करने लगेंगी तो यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज की बेंच ने कहा, प्रॉसीक्यूशन के आरोप गंभीर हो सकते हैं, लेकिन यह अदालत का कर्तव्य है कि वो कानून को ध्यान में रखते हुए जमानत पर विचार करे। अदालत ने यह कमेंट करते हुए आरोपी जलालुद्दीन खान को जमानत दी। जलालुद्दीन पर अपने मकान की ऊपरी मंजिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के मेंबर्स को किराए पर देने का आरोप था। उसके खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने जलालुद्दीन खान नाम के एक शख्स की जमानत याचिका पर सुनवाई की। इस शख्स ने पटना हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

छह घंटे में ही दबोचे गए अपराधी

सब्जी कारोबारी से 2.40 लाख की लूट, दो अरेस्ट

CRIME REPORTER RANCHI : मंगलवार की सुबह रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के माउंट मोटर गली में सब्जी कारोबारी संजय कुमार चौरसिया से 2.40 लाख रुपये की लूट हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के छह घंटे में ही पुलिस ने दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को भी बरामद किया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सब्जी कारोबारी संजय कुमार चौरसिया ट्रेन से उतरकर रातू रोड आए। उसके बाद फिर वह पैदल ही माउंट मोटर गली से होते हुए अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान दो स्कूटी सवार अपराधी चाकू की नोंक पर कारोबारी से रुपये लूटकर फरार हो गए।

● घटना में प्रयुक्त स्कूटी को पुलिस ने किया बरामद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज जनता के लिए खोलेंगी अमृत उद्यान

NEW DELHI : बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अमृत उद्यान जनता के लिए औपचारिक रूप से खोलेंगी। उद्यान शुक्रवार से 15 सितंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। अंतिम प्रवेश शाम 5.15 बजे होगा। बता दें कि राष्ट्रपति भवन परिसर में स्थित प्रसिद्ध अमृत उद्यान में स्टोन एबेकस, साउंड पाइप और म्यूजिक वाल उन प्रमुख आकर्षणों में से हैं, जिनका लुत्फ जनता शुक्रवार से उठा सकेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अमृत उद्यान में आने वाले आगंतुकों को तुलसी के बीज से बने बीज पत्र भी दिए जाएंगे, जो एक अनोखा और पर्यावरण अनुकूल स्मृति चिह्न है।

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस ने किया मंथन

हिस्सेदारी बढ़ाने की चाह, जीत की बनी रणनीति

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अपनी तैयारियों में जुट गई है। पार्टी के जिला स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक लगातार बैठकों और रणनीति बनाने का दौर जारी है। बुधवार को भी दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने झारखंड सहित महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन किया। बैठक में राहुल गांधी सहित सभी राज्यों के उच्च पदाधिकारियों और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों ने भाग लिया। झारखंड से बैठक प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित तमाम अधिकारी बैठक में शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक, बैठक को इस लिहाज से भी अहम माना जा रहा है कि पदाधिकारियों ने राज्य में महागठबंधन में हिस्सेदारी और उम्मीदवारी की चर्चा की। चर्चा इस बात की हुई कि कांग्रेस महागठबंधन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएगी। पार्टी ने पिछली बार की तुलना में दो अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग केंद्रीय नेतृत्व से की। जानकार तर्क देते हैं कि गोड्डा से पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव और हजारीबाग के मांडू से विधायक रहे जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस में हैं।

उम्मीदवारी के लिए मांगे जा रहे आवेदन

इधर, झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक नेताओं से झारखंड कांग्रेस ने आवेदन मांगा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ने को इच्छुक नेता अपने विधानसभा सीट वाले जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पास आवेदन पत्र और बायोडाटा जमा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी सभी जिला प्रमुख को इसे लेकर मार्गदर्शित किया है।

6 अगस्त से शुरू हुआ है पहला फेज, 14 तक चलेगा, फ्रांस-जर्मनी की वायुसेना भी शामिल

तरंग शक्ति युद्धाभ्यास में झलकी मेक इन इंडिया की ताकत

AGENCY NEW DELHI : मंगलवार को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने तमिलनाडु के सुलूर में तरंग शक्ति युद्धाभ्यास 2024 में मेक इन इंडिया हथियारों की प्रदर्शनी लगाई। इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के एलसीए तेजस, मिराज 2000 और राफेल जैसे लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया है। तरंग शक्ति भारत में आयोजित अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास है, जिसमें 51 देशों को आमंत्रित किया गया है। इस युद्धाभ्यास के मौके पर डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने बताया कि तरंग शक्ति अभ्यास डीआरडीओ के लिए घरेलू हथियारों का प्रदर्शन करने का एक अवसर है। यह प्रदर्शन सभी देशवासियों को यह विश्वास दिलाता है कि जरूरत पड़ने पर वायुसेना देश को बचाने में पूरी तरह सक्षम है। पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान पर कहा कि हम एएमसीए 5.5 जेनरेशन का लड़ाकू विमान बना रहे हैं। इसका डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू हो गया है। डिजाइनिंग का काम पूरा हो गया है।

डीआरडीओ अध्यक्ष ने कहा- घरेलू हथियारों के प्रदर्शन का अच्छा अवसर

फ्रांस के 160 जवानों की होगी शिरकत

फ्रांसीसी दूतावास के मुताबिक, फ्रांस की वायुसेना की टुकड़े में तीन राफेल, एक मल्टीरोल टैंकर ट्रांसपोर्ट (एमआरटीटी) विमान और एक ए400एम शामिल होंगे। साथ ही 160 जवान भी आएंगे। फ्रांसीसी दल की भागीदारी इंडो-पैसिफिक रीजन में उनके 2 महीने लंबे मिशन का हिस्सा है, जो जून के आखिर में फ्रांस में शुरू हुआ था और 15 अगस्त को पूरा होगा। बीते कई सालों से भारत लगातार एक साथ कई देशों के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास कर रहा है। थलसेना के हाल ही में महाजन फायरिंग रेंज में तीनों के युद्धाभ्यास हो चुके हैं।

सेना ने घाटी में विदेशी आतंकवाद खत्म करने के लिए बनाया नया काउंटर प्लान

जम्मू-कश्मीर के डोडा, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बाद सेना ने नया काउंटर प्लान बनाया है। दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद सेना ने विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए नया अभियान शुरू किया है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने मंगलवार को आतंकवाद विरोधी डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा करके आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा की। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले एक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया था कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। इसके बाद जून माह की शुरुआत से ही आतंकी गतिविधियों में तेजी आनी शुरू हो गई और अब तक दर्जनों मुठभेड़ में अब 15 से ज्यादा सैन्य अधिकारी और जवान बलिदान हो चुके हैं।

पोखरण में स्वदेशी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण

JAISALMER : जैसलमेर के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारत ने स्वदेशी मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने डेवलप किया है। यह पोर्टेबल मिसाइल कंधे से भी लॉन्च की जा सकती है। इसे दुश्मन के टैंक और बख्तरबंद वाहनों को बेअसर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस मिसाइल से रात में भी हमले किए जा सकते हैं। यह मिसाइल भारतीय थल सेना और पैरा कमांडो के लिए तैयारी की गई है। एमपी-एटीजीएम हथियार प्रणाली का वजन 14.5 किलोग्राम है और लंबाई 4.3 फीट है। इसे पहली बार कंधे पर रखकर रॉकेट लॉन्चर की तरह लॉन्च किया गया। इसकी रेंज 200 मीटर से लेकर 2.5 किलोमीटर है। इसमें टैंडम वार्ज हीट और पेनीट्रेशन वॉरहेड लगा सकते हैं।

15 से कम उम्र वालों की संख्या में गिरावट

दावा- 2036 में भारत की आबादी होगी 152 करोड़

AGENCY NEW DELHI : भारत की जनसंख्या साल 2036 में 152.2 करोड़ तक हो सकती है। इसको लेकर सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया गया है कि सेक्स रेशो 2036 तक प्रति 1000 पुरुषों पर 952 महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है। 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा 943 था। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जनसंख्या में महिलाओं के प्रतिशत में भी थोड़ा-बहुत सुधार देखने को मिल सकता है। साल 2036 में महिलाओं का प्रतिशत बढ़कर 48.8% होने की उम्मीद है। 2011 में यह 48.5% था।

फर्टिलिटी रेट में गिरावट के चलते 15 साल से कम उम्र के लोगों का रेशो साल 2011 के मुकाबले साल 2036 में घटने का अनुमान है। इस दौरान 60 साल और उससे ज्यादा उम्र की जनसंख्या का रेशो में काफी तेजी से बढ़ेगा। यूएन की हेल्थ एजेंसी यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड ने अप्रैल 2024 में एक रिपोर्ट में दावा किया कि भारत की जनसंख्या पिछले 77 सालों में दोगुनी हो चुकी है।

मेडिकल घोटाले के आरोप में चल रही जांच

प्रमोद सिंह के घर फिर ईडी का छापा

PHOTON NEWS DHANBAD: राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के करीब सात करोड़ रुपये गबन मामले का आरोपी और कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह के आवास पर एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। ईडी की तीन सदस्यीय टीम प्रमोद सिंह के सरायढेला थाना अंतर्गत सहयोगी नगर सेक्टर तीन स्थित घर पर छापेमारी कर रही है।

छापेमारी के दौरान गेट पर मौजूद सुरक्षाकर्मी ● फोटोन न्यूज

रांची में 11 जुलाई को होना था उपस्थित : इससे पहले चार जुलाई 2024 को ईडी ने प्रमोद सिंह के सहयोगी नगर सेक्टर तीन और भूली के आवास पर छापामारी की थी। सुबह से रात तक चली छापामारी के दौरान प्रमोद सिंह की तीन गाड़ियों को जब्त किया था। उस दौरान प्रमोद सिंह आवास में मौजूद नहीं थे। इसके साथ ही 11 जुलाई को रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया गया था। बताया जाता है कि प्रमोद सिंह ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके बाद अब ईडी ने फिर यहां दबिश दी है।

प्रमोद की पत्नी से पूछताछ

ईडी के तीन अधिकारी दो गाड़ियों से पहुंचे। घर मे प्रमोद सिंह नहीं थे, जिसके बाद अधिकारियों ने उनकी पत्नी समेत अन्य परिजनों से पूछताछ की।

सरकारी आदेश के बाद नाचते-गाते होमगार्ड के जवान ● फोटोन न्यूज

धनबाद के होमगार्ड कार्यालय में जमकर बजे ढोल-नगाड़े

पुलिस के समान वेतन दिए जाने के आदेश पर मनाई खुशी

DHANBAD : राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों की तरह ही वेतन देने संबंधी आदेश जारी कर दिया है। इसी खुशी में धनबाद के होमगार्ड जवानों ने शहर में रैली निकाली। इस दौरान जवानों ने ढोल-नगाड़े की आवाज के बीच जमकर आतिशबाजी भी की। होमगार्ड जवान मंगलवार को गोल्फ मैदान स्थित अपने कार्यालय पहुंचे और यहां से गाजे-बाजे के साथ रैली की शुरूआत की। यह रैली पार्क मार्केट होते हुए रणधीर वर्मा चौक, लुबी सर्कुलर रोड होते हुए होमगार्ड कार्यालय पहुंची। रैली में जवान राष्ट्रीय ध्वज लेकर भी चल रहे थे। भारत माता का जयकारा लगाया गया और जिंदाबाद के नारे लगाए गए। रैली के दौरान जवानों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, जमकर नाचे और एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राजीव कुमार तिवारी शामिल हुए।

नक्सली गतिविधियों में शामिल दो युवकों को पुलिस ने हथियार के साथ पकड़ा

पूर्व में पीएलएफआई के लिए करते थे लेवी वसूलने का काम

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर नक्सली गतिविधियों में संलिप्त दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक दोनाली बंदूक, एक देसी कट्टा, गोली और दो बाइक समेत अन्य कई सामान बरामद किए हैं। पकड़ाए दोनों युवक का नाम बिरसा पूर्ति और सोम बोदरा है। दोनों ही टेबो थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवक पहले भी पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के लिए लेवी वसूलने समेत नक्सली गतिविधि में शामिल होने के आरोप में जेल जा चुके हैं। पोडाहाड़. एसडीपीओ सह एएसपी पारस राणा ने चक्रधरपुर थाना में प्रेस वार्ता कर दोनों के गिरफ़्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक हथियार लेकर टेबो थाना क्षेत्र के करला - चम्पावा गांव की ओर से हेंसाडीह की ओर जा रहे हैं और लोगों में खौफ पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद वरीय पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर छापामारी दल का गठन कर सोंगरा गांव के पास पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान एक मोटसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति को छापामारी दल द्वारा पकड़ लिया गया। पूछताछ में पकडाए युवक ने अपना नाम बिरसा पूर्ती उर्फ चट्टान सिंह पूर्ती बताया। उसके पास से बिना नंबर प्लेट की एक अपाची मोटरसाइकिल, बंदूक एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया।

जानकारी देते पुलिस अधिकारी

इसके बाद बिरसा की निशानदेही पर उसके साथी सोमा बोदरा को भी पुलिस ने मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक स्मार्टफोन, भाकपा माओवादी नक्सली का चंदा रसीद बुक बरामद किया। दोनों पर पुलिस ने टेबो थाना में बीएनएस और आर्म्स एक्ट के साथ-साथ सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को चाईबासा कोर्ट को पेश कर जेल भेज दिया है। एएसपी पारस राणा ने बताया कि दोनों पहले उग्रवादी गतिविधियों के कारण जेल जा चुके हैं। हाल ही में जेल से दोनों छूटकर निकले थे। दोनों का फिलहाल नक्सली संगठन से जुड़ाव तो नहीं पता चला है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों पहले की तरह नक्सली गतिविधि का खौफ बनाकर लोगों से लेवी वसूली का प्लान बना रहे थे।

BRIEF NEWS

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ दिया धरना

DHANBAD : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर हिंदू राष्ट्र समन्वय समिति के बैनर तले धरना दिया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर वहां हिंदुओं की रक्षा करने की मांग रखी गई। इस आंदोलन में इस्कॉन, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, तरुण हिंदू, आर्य समाज, हिंदू जनजागृति समिति, सनातन संस्था के साथ अन्य हिंदुत्वनिष्ठ संगठन भी सहभागी थे।

ट्रेलर की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार की मौत

KODERMA : कोडरमा थाना अंतर्गत लखीबागी स्थित प्रकाश होटल के समीप मंगलवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अर्जुन राणा (38) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से घर से तिलैया काम करने जा रहा था। प्रकाश होटल के समीप ट्रेलर की चपेट में आ जाने से बाइक सवार उक्त व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

चुरचू की सेविका दिल्ली के समारोह में होंगी शामिल

आंगनबाड़ी में बच्चों को आकृति बनाना सिखातीं आंगनबाड़ी सेविकाएं

HAZARIBAG : बाल विकास परियोजना कार्यालय, चुरचू के आंगनबाड़ी केंद्र, डूमर की सेविका शांति बेसरा नई दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगी। उनका चयन आंगनबाड़ी ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए किया गया है। इसी कड़ी में सुरक्षा एवं अन्य प्रोटोकॉल के तहत 12 अगस्त को सीआईडी के पदाधिकारी शांति बेसरा के घर एवं आंगनबाड़ी केंद्र की जांच के क्रम में चुरचू आए थे, ताकि उन्हें पीएम दीर्घा में जाने एवं प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिल सके। स्वतंत्रता दिवस समारोह में शांति बेसरा एवं उनके पति दोनों को आमंत्रित किया गया है। वे लोग सोमवार को गरीब रथ से दिल्ली रवाना हो गए। चुरचू की सीडीपीओ रेखा रानी की ओर से यह जानकारी दी गई।

लोस चुनाव में प्रतिनियुक्त कर्मी की मौत पर पत्नी को मिला 15 लाख का चेक

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अफजल हुसैन की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी मोसर्रत बानो को अनुग्रह अनुदान की राशि के रूप में 15 लाख रुपये का चेक दिया।

स्व. अफजल हुसैन उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरहद सदर, हजारीबाग में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे।

बोकारो में आनंदमार्ग की साध्वी की मौत पर बवाल, हाईवे किया जाम

PHOTON NEWS BOKARO : बोकारो जिले के पेटरवार में सोमवार को आनंद मार्ग की साध्वी के आत्मदाह की घटना के विरोध में मंगलवार को बवाल हो गया। आनंदमार्ग के संन्यासियों ने सुबह 11 बजे से बोकारो-रांची उच्च पथ को जाम कर दिया। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों को सजा देने की मांग की जा रही है। ज्ञात हो कि बोकारो से ओरमांझी तक बनने वाली फोरलेन सड़क के लिए जमीन का अधिग्रहण हुआ था। आदिग्रहण के दौरान सड़क पर आनंद मार्ग के आश्रम विद्यालय की लगभग 5 एकड़ भूमि भी आ गई थी। जिला भू अर्जन विभाग ने इसका मुआवजा लगभग 4 करोड़ 10 लाख रुपये निर्धारित किया था। यह राशि स्कूल की संचालक को मिलने ही वाली थी कि बीच में आश्रम विद्यालय के पूर्व संचालक, जो आनंदमार्ग के संन्यासी हैं, ने शिकायतवाद दायर करते हुए विभाग से मांग की कि मुआवजा राशि उन्हें मिलनी चाहिए। महिला साध्वी को आश्रम विद्यालय के संचालन की जवाबदेही देते हुए कुछ वर्ष पूर्व ही पावर ऑफ अटॉर्नी दे दिया गया था। दोनों पक्षों में विवाद को बढ़ता देख प्रशासन ने मुआवजा राशि न्यायालय में जमा कर दिया। सड़क निर्माण के लिए जमीन खाली करने को हाईवे के अधिकारी स्कूल पहुंचे और संचालक को तत्काल स्कूल खाली करने का निर्देश दिया। इस बात को लेकर दोनों में विवाद होने लगा। थोड़ी देर बाद संचालक अपने रसोई में गई और खुद को आग लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना के विरोध में प्रदर्शन करतीं साध्वी ● फोटोन न्यूज

जादूगोड़ा में निकाली गई तिरंगा यात्रा, शामिल हुई महिला कार्यकर्ता

GHATSILA : भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को जादूगोड़ा में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें घाटशिला की जिला परिषद सदस्य सह कार्यक्रम की मंडल प्रभारी देवयानी मुर्मू सहित कई महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। तिरंगा यात्रा जादूगोड़ा के विभिन्न मार्गों से गुजरी। यात्रा में लखन मार्डी, जिला परिषद सदस्य सुभाष सिंह, जिला महामंत्री हराधन सिंह, जिला मंत्री रोहित सिंह परमार, गीता मुर्मू, सुनीता देवदूत सोरेन, महिला मोर्चा की तनुश्री नंद, मनोज सिंह, विक्रम सिंह, रोहित अग्रवाल, नारायण सिंह देव, दुर्गा प्रसाद दंडपात शामिल रहे।

घाटशिला को जिला बनाने का माझी परगना महाल ने किया विरोध

राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन, कहा- स्वशासन व्यवस्था होगी प्रभावित

PHOTON NEWS GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल को जिला बनाने के विरोध में माझी परगाना महाल की ओर से मंगलवार को घाटशिला अनुमंडल कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद राज्यपाल के नाम एसडीओ सच्चिदानंद महतो को ज्ञापन सौंपा।

इस संबंध में देश विचार सचिव बहादुर सोरेन ने बताया कि परंपरागत स्वशासन व्यवस्था धाड़ दिशोंम माझी पारगाना माहाल का कहना है कि कई राजनीतिक दल तथा बाहरी लोगों द्वारा घाटशिला को जिला बनाने की मांग की जा रही है, जिसका स्वशासन व्यवस्था, गांव समाज, ग्राम सभा, माझी परगना महाल द्वारा विरोध

धरना-प्रदर्शन देते माझी परगना महाल के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

कर है, क्योंकि यह आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के अनुरूप नहीं होगा। जिला बनाने पर आदिवासियों की जनसंख्या घटने की संभावना है। बाहरी लोगों की जनसंख्या बढ़ेगी, जिससे जल जंगल जमीन की लूट-खसोट होगी। आदिवासियों के लिए पांचवी अनुसूची क्षेत्र में कानूनी प्रावधान के अनुसार उनके जनहित रक्षा, जल जंगल जमीन की संरक्षण विकास नहीं कर पाते हैं, तब तक घाटशिला को जिला नहीं बनाया जाए।

लातेहार में नहाने के दौरान नदी में डूबे दो युवक, एक शव मिला

LATEHAR : लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत जीपुआ गांव में मंगलवार को नहाने के दौरान दो युवक नदी में डूब गए। इनमें एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा लापता है। मृतक युवक की पहचान जीपुआ गांव निवासी मोहम्मद शाहबाज (19)के रूप में हुई है। वहीं, लापता युवक मोहम्मद फरहान है। दोनों युवक चचेरे भाई थे। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोनों युवक दामोदर नदी में नहाने गए थे। इसी बीच एक युवक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दूसरा युवक भी गया लेकिन नदी की तेजधार में वह भी बह गया। घटना की जानकारी जब स्थानीय ग्रामीणों को हुई तो बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी के पास पहुंचकर युवकों की खोज की। इनमें मोहम्मद शाहबाज का शव मिल गया।

कोलकाता के ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर का विरोध, एमआरएमसीएच में ओपीडी ठप

हड़ताल पर रहे चिकित्सक, इमरजेंसी में इलाज के लिए लगी भीड़

PHOTON NEWS PALAMU : कोलकाता के ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर घटना के विरोध में देशभर के रेजिडेंट डॉक्टर्स मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। एआइआइएमएस दिल्ली समेत सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं प्रभावित हैं। सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू है। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीएस) के आह्वान पर मेदिनीनगर में पलामू प्रमंडलीय अस्पताल एमआरएमसीएच में ओपीडी सेवा बंद रही। डाक्टर हड़ताल पर रहे। केवल इमरजेंसी सेवाएं चालू रही। इस कारण इलाज के लिए रोगी परेशान रहे। इमरजेंसी सेवा दे रहे डाक्टरों ने कहा कि कोलकाता की घटना बेहद शर्मनाक है। पीड़ित पक्ष को न्याय मिलना चाहिए। सरकारी अस्पताल के अंदर बड़ी घटना हो जा रही है, यह सरकार के लिए शर्म की बात है। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से फेल रह रही है। जब डाक्टर अस्पताल के अंदर सुरक्षित नहीं तो सड़क पर उसकी उम्मीद कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि ओपीडी की सेवा बंद की गयी है। इमरजेंसी में रोगियों का इलाज किया जा रहा है।

इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को देखते चिकित्सक

एमआरएमसीएच में ओपीडी बंद रहने से इलाज कराने आए मरीज एवं उनके परिजनों को भारी परेशानी हुई। पर्ची नहीं कटी। पाटन से आए एक बुजुर्ग मरीज ने कहा कि उसे अपना मुंह दिखलाना था। हड़ताल रहने के कारण इलाज नहीं करा पाए। इसी तरह बेतला से आयी रूखसाना ने कहा कि उसे मरीज को भर्ती कराना था। पर्ची नहीं कटने के कारण भर्ती नहीं करा पायी। एक महिला ने कहा कि उसे अपने बच्चे का इलाज कराना था लेकिन केवल इमरजेंसी सेवा रहने के कारण प्रोपर इलाज नहीं हो पाया। उल्लेखनीय है कि हर दिन एमआरएमसीएच में ओपीडी के माध्यम से 700 से 800 मरीज अपना इलाज कराते हैं।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटा राज्य के विभिन्न जिलों का प्रशासनिक अमला

परेड मैदान में चली फुल ड्रेस रिहर्सल, अधिकारियों-जवानों ने दी सलामी

RANCHI : राज्य के सभी 24 जिलों का प्रशासनिक अमला मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में जुटा रहा। अलग-अलग जिला मुख्यालयों के परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। जिसमें जिले के आला अधिकारियों से लेकर पुलिस की विभिन्न इकाईयों के जवानों ने हिस्सा लिया। गुरुवार को होने वाले मुख्य समारोह से पूर्व सुरक्षा बलों ने फाइनल रिहर्सल परेड की। अधिकारियों ने खुली जीप पर सवार होकर ग्राउंड में चल रही परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों की ओर से मुख्य समारोह की सुरक्षा में तैनात मजिस्ट्रेट व अधिकारियों व पुलिस कर्मियों की फाइनल ब्रीफिंग की गई। समारोह में शामिल होने वाले लोगों की भीड़ को नियंत्रित रखने के साथ ही आपात स्थितियों से निपटने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। मुख्य समारोह के लिए बनाए जाने वाले मंच की भी सुरक्षा जांच हुई। इसके अलावा समारोह में आमंत्रित किए गए अतिथियों की उपस्थिति और सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। समारोह में समय सीमा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

RANCHI : राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में स्वतंत्रता दिवस को लेकर मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। स्वतंत्रता दिवस के दिन होने वाले मुख्य समारोह से पहले रिहर्सल का यह आखिरी दिन होता है, जिसमें सभी प्लाटून फुल ड्रेस रिहर्सल करते हैं। रांची में रिहर्सल की अगुवाई कमिश्नर ने की।

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में किया गया समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास

JAMSHEDPUR : स्वतंत्रता दिवस का जिलास्तरीय मुख्य समारोह बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में होगा। परेड में शामिल टुकड़ियों ने मंगलवार को अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान एडीएम (एसओआर) महेंद्र कुमार व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने संयुक्त रूप से परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया।

धनबाद में डीसी और एसएसपी ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण

DHANBAD : उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने मंगलवार को शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पूर्व उपायुक्त ने परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड का निरीक्षण किया।

सरायकेला में डीसी-एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, तिरंगे को सलामी

SARAIKELA : 78वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंगलवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में फुल ड्रेस परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ। इसका निरीक्षण उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत ने किया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर पलामू में तैयारी पूरी, किया गया पूर्वाभ्यास

PALAMU : स्वतंत्रता दिवस के अवसर 15 अगस्त को जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। यहां प्रातः 9.05 बजे मुख्य झंडोत्तोलन किया जायेगा। समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। समारोह को लेकर मंगलवार को जवानों ने परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया।

लातेहार की डीसी ने लिया स्वतंत्रता दिवस की अंतिम तैयारी का जायजा

LATEHAR : स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को उपायुक्त गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का जायजा लिया।

BRIEF NEWS

नमक और चीनी के लिए जारी हुआ टेंडर

RANCHI : राज्य के खाद्य आपूर्ति विभाग ने रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक और चीनी (व्हाइट क्रिस्टल सुगर) के लिए टेंडर जारी कर दिया है। नमक के लिए 29 अगस्त के शाम पांच बजे तक टेंडर जमा होगा। प्रीबिड मीटिंग 20 अगस्त को होगी। जबकि चीनी का टेंडर 28 अगस्त तक जमा होगा। खाद्य आपूर्ति विभाग ने 1.95 लाख क्विंटल रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक के लिए टेंडर जारी किया है। वहीं 27 हजार क्विंटल चीनी के लिए टेंडर जारी किया गया है। लाल कार्डधारियों को मुफ्त में एक किलोग्राम रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक दिया जाएगा।

सुहागिनों ने रखा आखिरी मंगला गौरी व्रत

RANCHI : मंगलवार को श्रावण मास के चौथे और अंतिम सुहागिनों ने मंगला गौरी व्रत रखा। सुहागिनों ने माता पार्वती और महादेव की नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने घरों में पूजन-अनुष्ठान किया। साथ ही मंदिरों में भी बड़ी संख्या में व्रतधारियों ने दर्शन-पूजन कर श्रद्धा अर्पित की। सुहागिने अखंड सौभाग्य की कामना से भक्ति में रमी रहीं। माना जाता है कि इस व्रत को धारण करने वाली महिलाओं का सौभाग्य सदा बना रहता है। इस व्रत को करने से संतान की भी प्राप्ति होती है। जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बना रहता है।

निक्की व सलीमा को घर बनाने के लिए मिलेगी जमीन

RANCHI : झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने नेशनल महिला हॉकी टीम की प्लेयर्स सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को हरमू (रांची) में जमीन देने का फैसला लिया है। इस जमीन पर वे दोनों घर बना सकती हैं। मंगलवार को बोर्ड मुख्यालय में आयोजित बोर्ड की 74वीं बैठक में इस संबंध में आये प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 19 प्रस्ताव लाए गये। इसके अलावे 5 अन्यान्य प्रस्ताव भी आए। बैठक के बाद चेयरमैन ने मीडिया को जानकारी देते बताया कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान जैसी महिला हॉकी खिलाड़ी को हरमू में सरकारी कोटे से घर बनाने को जमीन देने का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया गया है। दोनों को 3750-3750 वर्ग फीट जमीन का आवंटन होगा। इसके अलावा महत्वपूर्ण प्रस्तावों में बोर्ड मुख्यालय के सामने स्थित जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाए जाने का भी मामला है।

16 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना

RANCHI : आने वाले दिनों में मौसम में बारिश का असर देखा जायेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 16 अगस्त तक राज्य के कुछ एक इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। केंद्र के अनुसार 14 से 16 अगस्त तक राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में भारी बारिश की संभावना है। इसमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज, जामताड़ा जिला शामिल है। जहां 16 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, अन्य हिस्सों में इस दौरान दो से तीन बार मध्यम दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की जायेगी। केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश का असर बरकरार रहेगा। हालांकि बारिश नहीं होने से कुछ हिस्से में लोगों को उमस का भी एहसास होगा। 17 अगस्त के बाद राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना है। इस दौरान छिटपुट बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। राजधानी रांची में भी आने वाले दिनों में बारिश का असर जारी रहेगा। 17 अगस्त तक राजधानी रांची में मध्यम से हल्के दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। वहीं, बादल छाये रहने के साथ आंशिक धूप भी देखी जा सकती है।

राशन कार्ड और आधार कार्ड इश्यू करते समय भूमि व अन्य दस्तावेजों का करें मिलान

घुसपैठियों को चिह्नित करे स्पेशल ब्रांच, पहचान पत्र जारी करने से पहले जांच करें अफसर : HC

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्पेशल ब्रांच का इस्तेमाल कर संथाल इलाके में बांग्लादेशी मूल के घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। दानयाल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने 8 अगस्त को यह आदेश पारित किया है। जनहित याचिका पर हुई सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि जिला प्रशासन संथाल के छह जिलों में पहचान के लिए इस्तेमाल होने वाले दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र जारी करने से पहले उस व्यक्ति की भूमि व अन्य दस्तावेजों का मिलान करें।

इस मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त को

हाईकोर्ट ने दानयाल दानिश की जनहित याचिका में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी (यूआईडी) के महानिदेशक, भारतीय चुनाव आयोग, इंटेलिजेंस ब्यूरो के महानिदेशक और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के निदेशक को भी प्रतिवादी बनाया है। प्रार्थी का पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि वर्ष 1951 से 2011 के बीच घुसपैठियों के प्रवेश करने से संथाल में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या में 44.67% से 28.11% की गिरावट आयी है। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम जनसंख्या में 9.44% से 22.73% की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। अदालत अब इस मामले में 22 अगस्त को सुनवाई करेगा।

जज उत्तम आनंद हत्याकांड : हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट से मांगे केस से जुड़े सभी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज

RANCHI : धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सीबीआई कोर्ट से इस केस से जुड़े सभी साक्ष्य और घटना की सीसीटीवी फुटेज कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में दोनों दोषियों की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत में प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सब्यसांची ने बहस की। दरअसल धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम उत्तम आनंद की हत्या मामले में धनबाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने 22 जुलाई ऑटो चालक लखन वर्मा और उसके सहयोगी राहुल को को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सीबीआई कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया था। सीबीआई कोर्ट के इस आदेश को लखन वर्मा और राहुल ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

जमानत खारिज किए जाने को दी है उच्चतम न्यायालय में चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने फुलेश्वर गोप की याचिका पर एनआईए को जारी किया नोटिस, मांगा जवाब

RANCHI : प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई द्वारा उगाहे गए लेवी का पैसा शेल कंपनी शिव आदि शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश से संबंधित मामले में आरोपी फुलेश्वर गोप की जमानत याचिका झारखंड हाई कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के खिलाफ एसएलपी की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार एवं न्यायमूर्ति संजय करोल की खंडपीठ ने एनआईए को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता बालाजी श्रीनिवासन ने पक्ष रखा। झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व में फुलेश्वर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। दरअसल, हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि फुलेश्वर गोप शिव आदि शक्ति इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर थे, लेकिन कंपनी में उनका शेयर मात्र 5 प्रतिशत का था। लेवी का कोई पैसा इस कंपनी में नहीं लगा है। दरअसल, इस कंपनी में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की पत्नी हीरा देवी भी डायरेक्टर थी। आरोप है कि इस शेल कंपनी के माध्यम से पीएलएफआई द्वारा अर्जित लेवी का पैसा को विभिन्न कामों में लगाया जाता था। इस मामले में फुलेश्वर गोप 3 साल 6 माह से जेल में है।

पूर्व डीसी सहित आठ की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

RANCHI : बरियातू के वेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित आठ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने 24 अगस्त तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 24 अगस्त निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन पर चल रहा है। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली, लखन सिंह और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में हैं जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को हाई कोर्ट से जमानत प्राप्त है।

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव को सौंपा ज्ञापन

निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ युवा आजसू ने पुरजोर तरीके से उठाई आवाज

प्रधान सचिव अजय कुमार को ज्ञापन सौंपता युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल।

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची जिला सहप्रभारी राहुल तिवारी के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति और निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ पुरजोत तरीके से आवाज उठाते हुए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से राहुल तिवारी, अभिषेक शुक्ला, बिपिन कुमार यादव, राहुल कुमार, सुमित कुमार आदि शामिल थे। ज्ञापन में राज्य के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्था में सुधार लाने, निजी अस्पतालों की मनमानी पर कठोर नीति बनाने और राज्य के सभी निजी अस्पतालों, क्लीनिकों एवं नर्सिंग होम्स के तमाम सुरक्षा मानकों की गहन जांच कराने की मांग की है। सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था को सुदृढ़ कर निम्न और मध्यम वर्गीय नागरिकों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

मारपीट कर घर से भगाने का आरोप, शिकायत दर्ज

RANCHI : शहर के नामकुम थाना क्षेत्र के लोआडीह निवासी मेरी मार्गेट कुजूर ने परिवार वालों पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। थाना के जरिये किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने पर मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पति की मृत्यु के बाद मारपीट कर मुझे और मेरी बेटी को घर से निकाल दिया और जमीन पर कब्जा कर लिया है। किराये के मकान में रहने को विवश है। इस मामले में ननद, जेठ सहित आठ लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। शिकायतकर्ता मेरी मार्गेट ने कोर्ट को बताया कि आरोपितों ने सुलह करने का दबाव डालकर 29 जून को ससुराल बुलाया, जहां गाली-ग्लौछ और मारपीट किया। साथ ही 33 सौ रुपये भी छीन लिए। इसकी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

भाजपा महानगर कार्यालय में युवा आक्रोश रैली योजना सम्मेलन का आयोजन

हेमंत से मांगा जाएगा हिसाब : बाबूलाल

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में युवा आक्रोश रैली योजना सम्मेलन का आयोजन किया गया। सरकार द्वारा किए गए वादों और वादाखिलाफी पर चर्चा की गई और युवा आक्रोश रैली की योजना पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा की 23 अगस्त को झारखंडी युवा मोरहाबादी मैदान में हेमंत सोरेन से सालाना 5 लाख रोजगार और बेरोजगार भत्ता का हिसाब मांगा जाएगा। हम सम्मेलन के माध्यम से इस ठगबंधन की सरकार को उखड़फेंगे। इन 5 सालों में इस राज्य सरकार ने सबको ठगने और लूटने का काम किया है। इस सरकार में युवाओं को रोजगार नहीं मिला, महिलाएं, व्यवसाय सुरक्षित नहीं हैं। कानून व्यवस्था चौपट है। इन सबका हिसाब लिया जाएगा।

बिस चुनाव में सबक सिखाएंगे युवा : रोमित

रोमित नारायण सिंह ने कहा कि इस सरकार में राज्य के युवा अपने आप को ठगा महसूस करते हैं। इस सरकार ने युवाओं को रोजगार के नाम पर, बेरोजगारी भत्ते के नाम पर ठगा। लगातार यहां परीक्षाएं होती हैं और जिस संस्थान द्वारा परीक्षा ली जाती है, उस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाता रहा है। यह समझने की जरूरत है कि इस सरकार में युवाओं का भविष्य सबसे ज्यादा असुरक्षित है। इस सरकार को युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। राज्य के युवाओं के साथ झूठा वादा कर बरगलाने का काम किया गया। सरकार की नीयत में ही खोट है। इसे न 5 लाख रोजगार देना था ना बेरोजगारी भत्ता। लोगों को मूर्ख बनाकर हेमंत सोरेन सत्ता पर आसीन हुए हैं, लेकिन 23 अगस्त के दिन राज्य के झारखंडी युवा यह शपथ लेंगे कि आगामी चुनाव में इस सरकार से एक-एक चीज का हिसाब मांगेंगे और इस सरकार की जड़ों को हिला देंगे।

मंत्री ने कहा- वनों की भूमि है झारखंड

मानव-हाथी संघर्ष का वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी : बैद्यनाथ राम

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि हाथी वन्यप्राणी साम्राज्य की प्रमुख प्रजाति है। मानव हाथी संघर्ष का वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी है। कुछ समय से मानव की आगे बढ़ने की प्रत्याशा ने दोनों प्रजातियों के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप अप्रिय स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं और इससे दोनों पक्षों की जान-माल की हानि हो रही है। आयोजन कर्नाटक सरकार की ओर से किया गया। मंत्री मंगलवार को विश्व हाथी दिवस पर बेंगलुरु में मानव हाथी संघर्ष पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में बोल रहे थे। मंत्री वैद्यनाथ राम ने कर्नाटक की वन्यजीव प्रबंधन प्रणाली प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्नाटक में वैज्ञानिक तरीके से वन और वन्यजीव प्रबंधन की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड वनों की भूमि है।

पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार

RANCHI : पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि छापेमारी के क्रम में गुमला जिला से फरार पीएलएफआई उग्रवादी अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल सिंह को नगड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि इनके खिलाफ गुमला जिला में 09 कांड दर्ज है और 09 कांडों में फरार चल रहे हैं। इसके खिलाफ में गुमला पुलिस के द्वारा उनके घर पर कुर्की की कार्रवाई की गई है। रांची जिला में इसके खिलाफ कांड दर्ज नहीं होने के कारण गुमला पुलिस को सूचित कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हुई हाई लेवल मीटिंग

जमीन हड़पने के मामले में तेजी से करें जांच : डीजीपी

CRIME REPORTER RANCHI : रांची जिला में खासकर शहरी क्षेत्र में जमीन माफियाओं के द्वारा जमीन के कागजातों का फजीर्वाडा कर और बलपूर्वक गलत तरीके से जमीन हड़पने का काम किया जा रहा है। ऐसे मामले की जांच करने को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सात सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया है। एसआईटी टीम के साथ डीजीपी ने सोमवार को बैठक की, इस दौरान डीजीपी ने रांची एसएसपी को आदेश दिया कि जितने जमीन से संबंधित 144 के मामले हैं, यह सभी जानकारी जल्द से जल्द एसआईटी टीम को उपलब्ध कराया जाए। वही एसआईटी टीम को निर्देश दिया गया है कि जमीन हड़पने से संबंधित मामले की जांच तेजी से की जाए। पहले से इस टीम में सीआईडी के आईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल को अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा पटेल मयूर कन्हैयालाल, कार्तिक एस, संध्या रानी मेहता ऋषभ कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा और एएसपी दीपक कुमार को एसआईटी का सदस्य बनाया गया था।

दो सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश

प्रत्येक थाना में पिछले कुछ वर्षों में जमीन विवाद से संबंधित आईपीसी धारा 144 (बीएनएनएस 163) के के तहत जितने भी मामले दर्ज किये गये हैं, उसकी गहन समीक्षा की जाएगी। हालांकि एसआईटी के द्वारा यह तय किया जाएगा कि किस थाना में किस वर्ष धारा 144 के मामले की समीक्षा की जाएगी। जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे कांडो की संख्या ज्यादा है। इसलिए रांची जिला से संबंधित थाना प्रभारी का दायित्व होगा कि वह पिछले कुछ जमीन विवाद से संबंधित दर्ज सभी मामलों की संपूर्ण सूची अपने-अपने क्षेत्र के डीएसपी को उपलब्ध करा देंगे और उसे क्षेत्र के डीएसपी उन जमीन विवाद की स्वयं ग्रहण जांच करते हुए एक रिपोर्ट एसआईटी के अध्यक्ष को समर्पित करेंगे।

टीम में जोड़े गए 8 अफसर

- डीएसपी बनारसी प्रसाद
- डीएसपी मनोज कुमार ठाकुर
- डीएसपी सुमनगिनी नाग
- डीएसपी तारामणि बाखला
- डीएसपी बहामन टूटी
- डीएसपी प्रदीप पॉल कच्छप
- एसआई चंद्रिका प्रसाद
- एएसआई पुंडरीक पति त्रिवेदी

वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल की प्रतियोगिता में झारखंड के प्रतिभागियों का रहा जलवा

शाहिद का छाया जादू, जीता मिस्टर इंडिया का खिताब

मिसेज इंडिया बनीं पूजा थापा, प्रिंसी प्रियंका फर्स्ट और अनीशा सिंह सेकेंड रनर अप

PHOTON NEWS RANCHI : टैलेंट दिखता ही नहीं, बोलता भी है। कई क्षेत्रों में झारखंड की प्रतिभा बोलती है। इसका ताजा उदाहरण इस रूप में सामने आया है कि मिस्टर, मिस, मिसेज एंड किड्स वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल, नैशनल ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेने वाले झारखंड के अलग-अलग स्थानों से सात प्रतिभागियों ने फाइनल राउंड में अपना स्थान बनाया। इतना ही नहीं, मिस्टर, मिस, मिसेज और किड्स कैटेगरी में अपने टैलेंट का लोहा मनवाते हुए विनर भी बने। मोहम्मद शाहिद आलम ने मिस्टर इंडिया का खिताब जीता, जबकि मिसेज इंडिया विनर बनीं नेपाल से बिलॉन्ग करने वाली रांची में रहने वाली पूजा थापा। किड्स कैटेगरी में अगरिया प्रियदर्शनी ने खिताब जीता। मिस इंडिया का खिताब मिला है रांची की चंद्रमुनी कुजूर को। प्रिंसी प्रियंका फर्स्ट रनर अप हुईं और अनीशा सिंह सेकेंड रनर अप।

वास्तव में यह खिताब जीतना गौरव की बात है। अभी सफलता के मार्ग में बहुत लंबी दूरी तय करनी है। यह सतत प्रयास के बाद ही संभव हो सकेगा। इसके लिए मैं तैयार हूं। -शाहिद आलम

वॉइस ऑफ झारखंड के अध्यक्ष अखिलेश ने सभी प्रतिभागियों को किया सम्मानित

वॉइस ऑफ झारखंड के अध्यक्ष अखिलेश ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रांची में प्रतिभा की कमी नहीं है। यहां के कलाकारों ने इसे साबित कर दिया है। वीफ जूरी में स्टोरी लाइन इंडिया की वीफ एडिटर साधना कुमर थीं। उन्होंने कहा कि शो के अंतिम छण तक नहीं लगा था कि एक बार फिर छोटा शहर कहे जाने वाले रांची के ये प्रतिभागी देश के कोने-कोने से आए प्रतिभागियों को पीछा छोड़ते हुए सारे महत्वपूर्ण किताब अपने नाम कर लेंगे। मेरे अलावा भी शो में अन्य फील्ड के भी सात जूरी वहा मौजूद थे। सभी ने रांची के प्रतिभागियों को खूब सराहा। साधना ने बताया कि इस तरह के परफॉर्मेंस से अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। सभी प्रतिभागी भी अपने प्रदर्शन से खुश हैं। इस शो की सभी केटेगरी में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। रांची से प्रोफेशनल कैमरा मैन अरमान अंसारी, रूपेश और फैशन फील्ड से तालुक रखने वाली बोकारो की अंकिता सिंह को गेस्ट के रूप में इन्वाइट किया गया था।

सैप में 565 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की होगी बहाली

RANCHI : झारखंड के स्पेशल आक्सिलियरी पुलिस (सैप) की दोनों बटालियन में 565 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की बहाली होगी। रांची के डोरंडा स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) वन परिसर में आगामी 27 से 29 अगस्त तक भूतपूर्व सैनिकों को विभिन्न पदों पर बहाल किया जायेगा। प्रशिक्षण निदेशालय के अनुरोध पर पुलिस मुख्यालय ने नियुक्ति प्रक्रिया के लिए छह सदस्यीय चयन समिति का गठन कर दिया है। सैप में सेवानिवृत्त जेसीओ, हवलदार व सिपाहियों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति होती है, जिन्हें एकमुश्त मासिक वेतन दिया जाता है। झारखंड राज्य के भूतपूर्व सैनिक उपलब्ध न होने पर ही रिक्त पदों पर दूसरे राज्यों के भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति होगी। इन्हें एक वर्ष में 30 दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश मिलेगा। यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार होगा।

जिला परिषद की मेंबर हिना बनीं हज समिति की सदस्य

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड राज्य हज सामिति का पुनर्गठन किया गया है। कांके की जिला परिषद सदस्य हिना परवीन झारखंड हज सामिति की सदस्य बनाई गई हैं। मंगलवार को इस संबंध में नए सदस्यों का नाम जारी किया है। हिना परवीन को झारखंड हज सामिति की सदस्य बनाए जाने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नि, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, झामुमो नेता मुश्ताक आलम, समनुर मंसूरी ने बधाई दी है। वहीं हिना परवीन ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस भरोसे से मुझे झारखंड राज्य की हज सामिति सदस्य बनाया गया है, निश्चित रूप से मैं इस विश्वास पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगी।

हिना परवीन

हज सामिति के नए सदस्य

डॉ. सरफराज अहमद, हफीजुल हसन, डॉ. इरफान अंसारी, फैयाज कैसर पूर्व अध्यक्ष हिना परवीन,मोहम्मद इसराफिल, मौलाना अंसारुल्लाह कासमी, मुफ्ती सलाउद्दीन निजामी, सैयद शबबेर मेहंदी,मोहम्मद इकबाल आलम,अरसे आलम, मोहम्मद शहाबुद्दीन, जमशेदपुर, मोहम्मद शहाबुद्दीन गोड्डा, मुफ्ती अब्दुल हैय, अध्यक्ष झारखंड राज्य सुननी वक्फ बोर्ड रांची, कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य हज समिति रांची।

पशु तस्कर ने झामुमो नेता को मारी गोली, चल रहा इलाज

दो लोगों पर हमले का आरोप

PHOTON NEWS CHAIBASA: पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा के पाताहातु में बाइक सवार पशु तस्करों ने झामुमो कार्यकर्ता मुन्ना पूर्ति उर्फ मंत्री को गोली मार दी। घटना में मुन्ना घायल हो गया है । उसे तत्काल चाईबासा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया गया।

घायल झामुमो कार्यकर्ता

घटना के संबंध में घायल मुन्ना ने बताया कि वह मंगलवार सुबह अपनी स्कूटी से करलाजोड़ी जा रहा था। इस बीच बड़ी बाजार के गरीब कॉलोनी के पास बाइक से दो पशु तस्कर मो. वसीम और एक अन्य बदमाश पहुंचे। बाद में कमर से पिस्तौल निकाल कर गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार दोनों बदमाश वहां से फरार होने में सफल रहे.गोली उसके सिर को छूकर निकल गई है। दोनों पशु तस्कर हैं। पिछले दिनों उसने पशु तस्करी का विरोध किया था।

इसी को लेकर उसे गोली मारी है। इस घटना को लेकर पुलिस पूरी मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है।

रेलकर्मी के घर चोरी, ले गए गहने व नकदी

CHAKRADHARPUR: दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल मुख्यालय के रेल क्षेत्र में चोरों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। रेलवे क्वार्टरों में लगातार हो रही चोरी से रेलकर्मी और उनके परिजन खौफजदा हैं। ताजा मामले में चोरों ने चक्रधरपुर रेलवे कॉलोनी के पी. ब्लॉक में राकेश कुमार रौशन नामक रेलकर्मी के क्वार्टर में सेंधमारी कर चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर में रखे लाखों के सोने गहने समेत नकदी चोरी कर ली है। बताया जा रहा है की टीआरडी विभाग में कार्यरत रेलकर्मी की माता का कुछ दिन पहले देहांत हो गया था। रेलकर्मी अपने परिवार को लेकर अपने गांव माता के अंतिम संस्कार में गया था। इधर रेलकर्मी ने क्वार्टर की रखवाली के लिए

अपने ही सहकर्मी दीपक कुमार को अनुरोध किया था। सहकर्मी दीपक कुमार रोजाना रात को राकेश कुमार के क्वार्टर में सोने जाता था। लेकिन लाइन ड्यूटी लगने की वजह से दीपक कुमार बीती रात क्वार्टर में सो नहीं पाए। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने क्वार्टर का सभी ताला तोड़ दिया और घर में सेंधमारी की। चोरों ने क्वार्टर के दो अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे लाखों के सोने गहने और नगदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी मिली।

रेलवे ने पुलिस चौकी के लिए मांगे 13 लाख

समाजसेवी राजू मल ने बताया कि जिस जगह रेलवे क्वार्टर में चोरी हुई है वहां एक दशक पहले क्वार्टर संख्या पी 11 में पुलिस की एक चौकी हुआ करती थी। इस चौकी में पुलिस फोर्स की तैनाती होती थी, जो पूरे रेल क्षेत्र में गश्त लगाकर रेलवे कॉलोनी को सुरक्षा प्रदान करती थी। उस दौरान चोरी और आपराधिक घटनाएं रेलवे कॉलोनी में न के बराबर हुआ करती थी। आठ साल पहले तत्कालीन स्थानीय वार्ड पार्षद माया रानी मल की मांग पर तत्कालीन एसपी ने फिर से पी ब्लाक के पुलिस चौकी को शुरू करने का आदेश दिया। लेकिन जब रेलवे से पुलिस चौकी के लिए आवास और उसमे बिजली पानी की सुविधाओं की मांग की गयी तो रेलवे ने पुलिस विभाग से सुविधा देने के नाम पर तकरीबन 13 लाख रुपये जमा करने को कहा गया। मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

फॉलोअप मां के बयान पर पांच लोगों पर दर्ज की गई प्राथमिकी

बारीगोड़ा में विवाद के बाद की गई थी लोकनाथ की हत्या

PHOTON NEWS JSR: परसुडीह थाना अंतर्गत गदड़ा विकास भवन के पास सोमवार शाम 7 बजे अपराधियों ने जेल से छूटे लोकनाथ ठाकुर उर्फ पुक्की की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अपराधियों ने लोकनाथ पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे लोकनाथ की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद मंगलवार को लोकनाथ के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया।

इधर, लोकनाथ की मां ने परसुडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में गदड़ा निवासी मनीष, सूरज नाग, राजन मिश्रा, कौशल श्रीवास्तव, मुकेश कुमार साहू और मनीष के भाई को हत्या का आरोपी बनाया गया है। इधर, पुलिस ने भी तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की, पर पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा। सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे थाने में पूछताछ की जा रही है।

शराब पीने के बाद हुआ था विवाद

जानकारी देते हुए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकिर आलम ने बताया कि लोकनाथ की मां के अनुसार घटना से दो घंटे पूर्व बारीगोड़ा में लोकनाथ का मनीष और अन्य लोगों से विवाद हुआ था। हालांकि स्थानीय लोगों ने झगड़ा सुलझा दिया था। इसके बाद बदला लेने के उद्देश्य से उसकी हत्या की गई है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी से भी पुलिस को आरोपियों के घटना स्थल पर मौजूद होने के साक्ष्य मिले है। घटना स्थल पर चार लोगों के मौजूद होने की पुष्टि हुई है।

शरीर में लगीं पांच गोलियां : डीएसपी के अनुसार लोकनाथ को पांच गोलियां लगीं, जिसमें दो सिर में सटा कर मारी गई है और बाकी शरीर के अन्य हिस्सों में गोलियां लगी हैं।

वहीं मौके से पुलिस ने चार खोखा, एक गोली और एक पिलेट बरामद किया था। घटनास्थल से लोकनाथ की बाइक भी बरामद की गई थी।

गोली मारकर की गई थी लोकनाथ की हत्या : बता दें कि सोमवार देर शाम लोकनाथ अपनी बाइक से अंबेडकरनगर स्थित अपने घर जा रहा था। इसी बीच विकास भवन के पास पीछे से आए अपराधियों ने लोकनाथ पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. लोकनाथ बाइक समेत घटनास्थल पर ही गिर गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

यातायात पुलिसकर्मी के साथ की हाथापाई, मामला दर्ज

JAMSHEDPUR : गोलमुरी थाना अंतर्गत टिनप्लेट चौक के पास जांच के क्रम में एक बुलेट सवार ने मौके पर तैनात गोलमुरी यातायात थाना के एएसआई पारस सिंह के साथ हाथापाई की। इस दौरान पुलिस द्वारा पकड़े गए बुलेट को भी अपने साथ ले गए। घटना सोमवार दोपहर की है।

इधर, घटना के बाद पारस सिंह के बयान पर गोलमुरी थाना में चालक जयदीप सिंह, उसके भाई नवदीप सिंह, पिता अवतार सिंह समेत 10-12 अन्य के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसके बाद सभी जब्त बुलेट को अपने साथ ले गए। घटनाक्रम की वीडियो भी पुलिस को सौंपी गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बुलेट बरामद कर ली है। शिकायत में पारस ने बताया कि दोपहर 12 बजे वह ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान पुराना नंबर लगा एक बुलेट सवार वहां से गुजर रहा था। उन्होंने बुलेट को रोका और कागजात की मांग की। बुलेट पुरानी होने की वजह से चालक के पास कागजात नहीं थे। बुलेट को जब्त करने के दौरान पास से ही 10-12 की संख्या में कुछ लोग पहुंचे और बहस शुरू कर दी। इसी बीच धक्का-मुक्की की गई। बुलेट को भी ले जाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साहित्यकारों ने किया सुंदरकांड का सामूहिक पाठ

JAMSHEDPUR : प्रत्येक वर्ष की भांति सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन द्वारा माहव्यापी तुलसी जयंती समारोह के अंतर्गत सावन शुक्ल पक्ष सप्तमी (तुलसी जयंती) को संस्थान के मुख्य सभागार में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आरंभ पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों सहित साहित्य समिति के तमाम सदस्यों एवं संस्थान से जुड़े नगर के दर्जनों साहित्यकारों की सपरिवार उपस्थिति रही । पाठ के उपरांत सभी ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में मुरलीधर केडिया, अरुण कुमार तिवारी, गुहाराम, सुभाषचंद्र मूनका, रामनंदन प्रसाद, डॉ. प्रसेनजित तिवारी, विद्यासागर लाभ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

भाजयुमो ने कदमा से गोलमुरी तक निकाली तिरंगा यात्रा

PHOTON NEWS JSR: जमशेदपुर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर देशव्यापी हर-घर तिरंगा अभियान के निमित्त भाजयुमो, जमशेदपुर महानगर ने मंगलवार को कदमा से गोलमुरी तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली।

जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी विधानसभा द्वारा संयुक्त रूप से निकाली गई यात्रा में सांसद बिद्युत बरण महतो, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत बाइक पर सवार सैकड़ों युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा कदमा गणेश पूजा मैदान से प्रारंभ होकर बिस्टुपुर, साकची बड़ा

रैली में शामिल भाजपा नेता व कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

गोलचक्कर होकर आरडी टाटा गोलचक्कर के रास्ते गोलमुरी पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष बिनोद सिंह व दिनेश कुमार, नीरज सिंह, संजीव सिंह, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, पप्पू सिंह, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अमित अग्रवाल, प्रदीप मुखर्जी, अभिषेक आचार्य, चंदन चौबे, मिलन सिन्हा, शैलेश गुप्ता, अमिताभ सेनापति, पप्पू उपाध्याय, विकास शर्मा, अभिमन्यु सिंह, प्रकाश दुबे, सुशील पांडेय व अन्य मौजूद रहे।

समाचार सार

तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

SONUA : स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मनीष ब्रदर्स के तत्वावधान में मंगलवार को सोनुआ प्रखंड के टेपासाई स्थित संत जॉन्स स्कूल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो नेता जगत माझी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

प्रतियोगिता में कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सिंहभूम की सांसद जोबा माझी होंगी। मौके पर गोइलकेरा के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनसुख गोप, देवांवीर पंचायत के पूर्व मुखिया अमर सिंह चाकी, मधुसूदन पुरती, मनीष लागुरी, अंद्रेयश कोड़ाह, बगिया लागुरी, बहादुर सुरीन, सुजीत बहांदा, चंदन लागुरी, प्रिंस खान, दीपक माझी समेत आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा ने एसएसपी से की थाना प्रभारी की शिकायत

JAMSHEDPUR : भाजपा नेताओं ने मंगलवार को एसएसपी से मिलकर बागबेड़ा थाना प्रभारी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी ने एक दुर्घटना के आरोपियों को

थाने से ही छोड़ दिया। एसएसपी से मिलने वालों में भाजपा नेता विकास सिंह, चंचल चक्रवर्ती, ललन यादव, तारक घोष, राजू सरदार, होपना महाली, वरुण सिंह, विजय विश्वकर्मा शमिल रहे।

रोटरैक्ट स्टील सिटी तैयार करेगा भविष्य के लीडर

JAMSHEDPUR : रोटरैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी ने रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी और रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा के सहयोग से केरला समाजम मॉडल स्कूल में रोटरैक्ट पाठशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व कौशल को बढ़ाने के साथ ही सामुदायिक भावना को बढ़ावा देकर भविष्य के लीडर को आकार देना था। विभिन्न क्लबों के कुल 85 रोटरैक्टर्स ने भाग लिया, जिसमें डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, करीम सिटी कॉलेज, अर्का जैन यूनिवर्सिटी, सोशल क्रू (एनएसयू), मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज, को-ऑपरेटिव बी.एड कॉलेज, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, स्टील सिटी और कालीमाटी जमशेदपुर शामिल थे।

भाजपा, मानगो महिला मोर्चा ने घर-घर बांटा तिरंगा

JAMSHEDPUR : भाजपा, मानगो मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को मानगो में हर घर तिरंगा वितरण अभियान चलाया। संकोसाई रोड नंबर 1, रामनगर, केंदूकोचा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष और तिरंगा यात्रा के प्रभारी कृष्ण शर्मा उर्फ काली उपस्थित थे। इसके अलावा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. जटाशंकर पांडे, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, महिला जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, ओबीसी जिला कार्यसमिति सदस्य रितु शर्मा एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन हेमंत सोरेन सरकार पर बोला हमला

पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा- यह घोषणावीर की सरकार

PHOTON NEWS CHAIBASA: भाजपा जिला महिला मोर्चा पश्चिमी सिंहभूम द्वारा जिला अध्यक्ष दुर्गावती के नेतृत्व में चाईबासा में आक्रोश प्रदर्शन हुआ। कोल्हान की कार्यक्रम प्रभारी के रूप में पूर्व सांसद गीता कोड़ा शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की। इसके बाद रवींद्र भवन से धरना स्थल तक पदयात्रा करते हुए सरकार की महिला विरोधी नीति के खिलाफ नारे लगाए गए। पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि हेमंत सरकार घोषणावीर की सरकार है, सिर्फ घोषणा होता, वादों को पूरा करने की मंशा नहीं है। कार्यक्रम में साथ में प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष

प्रदर्शन में शामिल पूर्व सांसद गीता कोड़ा व अन्य ● फोटोन न्यूज

मालती गिलुवा, महिला जिला अध्यक्ष दुर्गावती बोयपाई, सह प्रभारी गीता बालमुचू, जिला कार्यक्रम प्रभारी बारी मुर्मू, सुशीला टोपनो, मृदुला निषाद, ललिता कोड़ा, जिलाध्यक्ष संजू पांडेय, बड़कुंवर गागराई, शशिभूषण सामड, जेबी तुबिद, गुरुचरण नायक, विजय मेलगांडी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन तियु, लालमुनी पुरती, रुपा सिंह दास, रानी बान्दीया, रानी तिरिया, अशोक सारंगी सतीश पुरी,हेमंत केसरी, रामानुज शर्मा ,पवन पांडे जयकिशन बिरुली, चंद्रमोहन गोप, राई भूमिज, लेबेया लागुरी,अमरेश प्रधान, द्वारिका शर्मा, जीतेंद्रनाथ ओझा, राकेश शर्मा शामिल रहे।

पीजी चौथे सेमेस्टर की 27 से 12 केंद्रों पर होगी परीक्षा

JAMSHEDPUR : स्नातकोत्तर चौथे सेमेस्टर (सत्र 2022-24) के परीक्षा की तिथि विश्वविद्यालय में घोषित कर दी है जारी कार्यक्रम के तहत या परीक्षा 27 अगस्त से शुरू होगी और 5 सितंबर तक चलेगी। जारी नोटिफिकेशन के तहत या परीक्षा दो पाली में ली जाएगी। इसकी पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक, जबकि दूसरी पाली 1.30 से 4.30 बजे तक संचालित होगी। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी गयी है।

इसके तहत परीक्षा के लिए कुल 12 केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में करीब 6 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिन कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है, उनके प्रिंसपल को विवि की ओर से केंद्राधीक्षक नियुक्त किया गया है। सभी को परीक्षा की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

वर्कर्स कॉलेज में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव से किया जागरूक

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक किया गया। महाविद्यालय में सोमवार को हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एसपी महालिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नशे का कारोबार करने वाले लोग विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे हैं और युवाओं को नशे के जाल में फंसा रहे हैं। दुर्भाग्यवश कुछ0 युवा नशे की लत में फंसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। घर से पैसे न मिलने पर वह चोरी-छिनतई आदि अपराध को अंजाम देकर उससे नशे की लत की पूर्ति कर रहे हैं। इससे न केवल उनका बल्कि, उनके पूरे परिवार व समाज में अव्यवस्था फैल रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आगाह किया

शपथ लेते प्राचार्य व अन्य

कि आप इस नशे के चीजों से बचें। किसी भी दुकान पर इस तरह की चीज अगर बेची जा रही है तो उसका बहिष्कार करें। अपने साथी, मित्र, परिवार के सदस्यों को जागरूक करें और कोई नशा कारोबारी की सूचना मिलती है तो उसे महाविद्यालय और जिला प्रशासन को बताएं, ताकि समय रहते उस समस्या का समाधान हो सके। हम नशा मुक्ति अभियान को और सार्थक बना सकें और भारत से नशा को खत्म किया जा सके।

परिजनों व बेलरों का भी पूरा ब्योरा रखेगी पुलिस, अपराध पर लगेगी लगाम

अपराधियों की डिजिटल प्रोफाइल तैयार कर रही जिला पुलिस

ROHITKUMAR@JSR

पूर्वी सिंहभूम जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी किशोर कौशल ने एक नई और प्रभावशाली योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत, पुलिस ने अपराधियों की विस्तृत डिजिटल प्रोफाइल तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे अपराधियों की गिरफ्तारी और ट्रैकिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसके तहत अपराधियों की प्रोफाइलिंग की जा रही है।

एसएसपी किशोर कौशल ने सभी थानों को अपने-अपने क्षेत्र के अपराधियों की पूरी प्रोफाइल तैयार करने का आदेश दिया है। इसमें अपराधियों की तस्वीर, नाम, पता, मोबाइल नंबर, और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी शामिल

है। इस कार्य में अब तक लगभग 2739 अपराधियों की सूची तैयार की जा चुकी है, जिसमें हत्या, लूट, एनडीपीएस, रंगदारी, वाहन चोरी, चाकूबाजी, चोरी, डकैती, दिनतई, आदतन अपराधी, निगरानी आदि अपराधियों की अलग-अलग सूची शामिल है।

परिजनों के प्रोफाइल को भी किया शामिल : प्रोफाइल तैयार होने के बाद, इसमें सभी प्रकार की जानकारी जोड़ी जाएगी ताकि फरार अपराधियों को ट्रेस करना आसान हो सके। अपराधियों के साथ-साथ उनके परिजनों की भी प्रोफाइल तैयार की जा रही है। इसमें परिजनों के नाम, पता, मोबाइल नंबर, पैन कार्ड, आधार कार्ड, फोटो, और अन्य महत्वपूर्ण विवरण शामिल हैं। इससे पुलिस को फरार अपराधियों के परिजनों के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। पुलिस अपराधियों की चल और अचल संपत्ति, बैंक खातों की जानकारी भी एकत्र कर रही है। इससे अपराधियों की आर्थिक स्थिति का आकलन किया जा सकेगा।

अपराधियों की जमानत में बेलर की भूमिका निभाने वाले लोगों की सूची तैयार की जा रही है। एसएसपी ने सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को इस सूची की तैयारी और बेलर की विश्वसनीयता की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

सक्रिय अपराधियों की जमानत रद करने के लिए पुलिस सीसीए के तहत कार्रवाई की योजना बना रही है। इस योजना के तहत, जमानत पर रहकर सक्रिय अपराधियों पर निगरानी रखी जाएगी और गुंडा पंजी में नाम दर्ज करने की अनुशंसा की जाएगी।

अपराधियों की श्रेणीवार सूची

- आर्म्स एक्ट : 470
- एनडीपीएस एक्टः 370
- हत्या : 123,
- रंगदारी-फिरौती : 74
- डकैती : 68
- लूट : 267
- गृहभेदन : 307
- छिनतई : 138
- वाहन चोरी : 478
- अन्य चोरी : 444

पुलिस अपराधियों की प्रोफाइल तैयार कर रही है जिसमें अपराधियों से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध रहेंगी। इसकी मदद से पुलिस को अपराधियों की धरपकड़ में आसानी होगी। इसमें अपराधियों के परिजनों से भी जुड़ी जानकारी मौजूद रहेगी।

– किशोर कौशल, वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम

पूर्व में बीट पुलिसिंग को मिल चुकी सफलता

अपराधियों के डिजिटल प्रोफाइल तैयार करने से पूर्व जिला पुलिस ने बीट पुलिसिंग की शुरूआत की थी, जिसे काफी सफलता मिली थी। बीट पुलिसिंग में पूरे शहर को तीन जोन में बांटा गया था। इसमें सभी डीएसपी और थानेदारों को अलग-अलग दिन पैदल गश्त करने का आदेश दिया गया था। इसमें कई अपराधी पकड़े गए।

लोयोला के पास हुई स्कूली वाहनों की जांच

JAMSHEDPUR : उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल के पास स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। इसमें फिटनेस, बीमा व प्रदूषण आदि सभी प्रमाणपत्रों की वैधता की जांच की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय के नेतृत्व में मोटर यान निरीक्षक सूरज हेंब्रम ने 43 स्कूली वाहनों के कागजातों की जांच की। जांच में वैन व ऑटो रिक्शा के फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन व प्रदूषण आदि कागजातों की जांच की गई। इस दौरान 13 स्कूली वाहनों के कागजात फेल होने पर जुमार्ना लगाया गया।

जायरा स्थल की बाउंड्री के लिए मंत्री से आग्रह

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर विधानसभा के विभिन्न आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जायरा स्थल की चारदीवारी निर्माण को लेकर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों आदिवासी बहुल गांव में स्थित जायरा स्थल में चारदीवारी निर्माण का आग्रह किया गया है।

ये टिप्स अपनाएंगे तो हर कोई हो जाएगा आपके पर्सनैलिटी का फैन

आप पर्सनालिटी डेवलपमेंट शब्द को परिभाषित करने का प्रयास करते हैं तो आपके मन में क्या ख्याल आता है? क्या आपको लगता है अच्छे कपड़े पहनना या अंग्रेजी बोलना या फिर लोगों से मिलना पर्सनालिटी डेवलपमेंट है? तो जवाब मिलेगा नहीं। केवल यह शब्द मिलकर पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य नहीं करते बल्कि कई ऐसी चीजें हैं जो पर्सनालिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं। आइए कुछ टिप्स के विषय में जान लेते हैं जो पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का कार्य करते हैं।

कॉन्फिडेंस बनाएं रखें

किसी भी कार्य को आसान करने का सबसे पहला मंत्र है कॉन्फिडेंस। अगर आप किसी भी काम करते समय कॉन्फिडेंस रखते हैं तो आप किसी भी समस्या का हल ढूंढ सकते हैं। कॉन्फिडेंस से भरे लोगों से हर व्यक्ति आकर्षित हो जाता है। अगर आप अपनी पर्सनालिटी को अच्छे से डेवलप करना चाहते हैं को खुद में कॉन्फिडेंस बिल्ड करने का प्रयास करें। कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए आप ज्यादा से ज्यादा पढ़ना शुरू करें और नए-नए विषयों को एक्सप्लोर करना शुरू करें।

हर विषय पर ओपिनियन बनाने का प्रयास करें

अगर आप खुद को दूसरों से अलग बनाना चाहते हैं तो प्रयास करें कि आप हर विषय में अपना एक ओपिनियन बनाएं ताकि कभी आपसे पूछा जाए तो आप जवाब दे सकें। लेकिन ध्यान रखें कि बिना मांगे ओपिनियन देने से आपकी पर्सनालिटी को नेगेटिव रूप में भी प्रदर्शित कर सकता है।

अच्छे श्रोता बनें

हम हमेशा उन लोगों को दूसरे के मुकाबले अधिक तवज्जो देते हैं जो हमारी बातों को सुनते हैं। कई लोग ऐसा मानते हैं कि अच्छा श्रोता होना एक अच्छे व्यक्तित्व की निशानी है। अगर आप भी अपनी पर्सनालिटी को बेहतर बनाना चाहते हैं तो लोगों को सुनना शुरू करें और एक अच्छा श्रोता बनने का प्रयास करें।

बॉडी लैंग्वेज को सुधारें

पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के लिए बॉडी लैंग्वेज पर काम करना बेहद जरूरी है। आपकी बॉडी लैंग्वेज भी आपके बारे में कई बातें बताती है। आपके चलने, बैठने, बातें करने या खाने के तरीके सहित सब कुछ आपके आस-पास के लोगों पर प्रभाव डालता है। अच्छी बॉडी लैंग्वेज एक अच्छी पर्सनालिटी की तरफ कार्य करती है।

इन तरीकों से खुद को कर सकते हैं जॉब में मोटिवेट

- खुद को शांत रखना सीखिए। ऐसा करने से आपका दिमाग ठीक तरीके से काम करता है और आप किसी भी समस्या का सामना कर सकते हैं।
- ऐसे विचारों को माइंड में कभी न लाएं जो आपके किसी अच्छे काम को प्रभावित करें। हम अक्सर दूसरों से राय लेने में नहीं चूकते। जब कुछ नया करने जा रहे होते हैं। अब यह निर्भर करता है कि जिससे आपने राय ली है, वह आपका हित चाहने वाला है या नहीं, तो तुरंत किसी की बात को न मानें। उस पर विचार करें। उसके बाद ही कोई कदम उठाएं।

आज के दौर में जब जॉब की इतनी बहुतायत है, वहीं लोगों में उस जॉब को पाने के लिए जरूरी स्किल्स की कमी है। अक्सर ऐसा देखने में आता है कि कुछ लोगों में अपनी सब्जेक्ट की नॉलेज तो है, पर कहीं न कहीं कई ऐसी वजहें होती है जो उन्हें अपने फील्ड में बहुत अच्छा करने से रोकती हैं। ये लोग डिमोटिवेट होते हैं। तो आइए जानते हैं खुद को मोटिवेट कैसे किया जाए

- अगर आप किसी काम के लिए जा रहे हों तो अपने डर पर विजय हासिल करें। कॉन्फिडेंट रहिए, डर दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप सामने वालों को भी अपनी ही तरह एक आम इंसान ही समझें। सोचिए कि अगर आप किसी ऊंची पोस्ट पर होते हैं तो सब आपके हाथ में होता।
- जब आप कोई इंटरव्यू के लिए जा रहे हों तो ये सोचिए कि आप कई इंटरव्यू दे चुके हैं। भले ही यह आपका पहला इंटरव्यू रहो। इससे आपका कॉन्फिडेंस हाई रहेगा। अपनी सक्सेस को हमेशा अपने साथ लेकर चलें। यह कभी न सोचें कि अगर सिलेक्शन न हुआ तो।
- जब आप किसी इंटरव्यू के लिए जाएं तो अपना बेस्ट देने की कोशिश करें। अपनी कमियों को खुद पर हावी न होने दें। जो भी स्किल या नॉलेज आपके पास है उसे बेहतर ढंग से एक्सप्रेस करें।
- साफ-सुथरी बात सभी को अच्छी लगती है। आपका बात करने का अंदाज विनम्र होना चाहिए। साथ ही स्पष्ट और कम शब्दों में होना चाहिए।

बहुत बड़ा है एविएशन इंडस्ट्री का दायरा

अगर आप भी एविएशन इंडस्ट्री में अपना करियर बनाने की सोच रहे हैं, लेकिन अपने आप को पायलट व केबिन क्रू बनने के काबिल नहीं पाते, तो निराश मत हो, क्योंकि इसके अलावा भी अब इस सेक्टर में कई डिपार्टमेंट ऐसे हैं जहां आप अपना करियर बना सकते हैं। ज्यादातर लोग एविएशन क्षेत्र के दायरे को पायलट, एयर होस्टेज व केबिन क्रू तक सीमित कर देते हैं, लेकिन इसका दायरा बहुत बड़ा है। आप इस इंडस्ट्री में एयरपोर्ट मैनेजमेंट, एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ, फ्लाइट इंजीनियर, एयर टिकटिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स, एयर कार्गो मैनेजमेंट, मीटिरियोलॉजिस्ट आदि जॉब प्रोफाइल पर भी कार्य कर सकते हैं।

ग्राउंड स्टाफ

एविएशन इंडस्ट्री में ग्राउंड स्टाफ महत्वपूर्ण होते हैं। इनका कार्य एयरपोर्ट की साफ-सफाई के साथ उसके रखरखाव करना है। एयरपोर्ट पर प्लेन जब उतर जाता है, तो उसके बाद पैसेंजरों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखना होता है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर सामान ढुलाई और माल स्टॉक का कार्य भी ग्राउंड स्टाफ को ही कराना होता है। ग्राउंड स्टाफ की एयरपोर्ट पर अलग-अलग कार्य की जिम्मेदारी संभालते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ में करियर बनाने के लिए आप एयरपोर्ट मैनेजमेंट से रीलेटेड सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, बैचलर और मास्टर लेवल के कोर्स कर इस फील्ड में प्रवेश कर सकते हैं। 12वीं के बाद आप इस सेक्टर में प्रवेश कर सकते हैं।

एयर कार्गो मैनेजमेंट

इस जॉब प्रोफाइल पर रहकर करियर बनाने के लिए आपको डिप्लोमा इन इंटरनेशनल एयर कार्गो मैनेजमेंट कोर्स करना होगा। जिसमें आप एविएशन हिस्ट्री एवं जियोग्राफी के अतिरिक्त कार्गो लॉ, कस्टम्स रूल्स, वेयरहाउसिंग, एयरक्राफ्ट लिमिटेशन व लोडिंग कैपेसिटी, क्लीयरेंस प्रोसिजर, क्लेम रूल्स, बीमा और फ्री ट्रेड जोन जैसे विषयों से रूबरू होंगे। इस क्षेत्र में भी प्रवेश के लिए आपको न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता होना जरूरी है। यह कोर्स आपको 6 माह से 1 वर्ष तक का होता है।

एयर टिकटिंग

एविएशन के एयर टिकटिंग में करियर बनाने के लिए न्यूनतम 12वीं की शैक्षणिक योग्यता के साथ 18 वर्ष से ऊपर की आयु होनी चाहिए। न्यूनतम 6 माह से 9 माह तक की अवधि वाले कोर्स डिप्लोमा इन एयर टिकटिंग एंड ट्रैवल मैनेजमेंट में ट्रैवल एजेंसी बिजेनस, वर्ल्ड टाइम जोन, एयरपोर्ट व एयरलाइन कोड्स, पेमेंट मोड्स, फॉरेन करेंसी, पासपोर्ट व वीजा आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है।

फ्लाइट इंजीनियर

एविएशन के क्षेत्र में फ्लाइट इंजीनियर का कार्य बहुत अहम होता है। प्लेन के सभी पुर्जों की जांच करना इनकी जिम्मेदारी होती है। इसके लिए इलेक्टॉनिक्स इलेक्ट्रिकल्स, मैकेनिकल, एयरोनॉटिकल या कम्प्यूटर में से किसी एक में ग्रेजुएशन होना जरूरी है। अगर आपके पास फ्लाइट इंजीनियर का ग्राउंड पाठ्यक्रम या एयर क्राफ्ट इंजीनियर लाइसेंस या सीपीएल है तो आप अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपने 12वीं विज्ञान विषयों से पास की हो और आपकी उम्र तीस साल से ज्यादा ना हो, तो आप इसमें करियर बना सकते हैं।

एयर ट्रैफिक कंटोलर्स

एविएशन के क्षेत्र में यह एक और महत्वपूर्ण जॉब प्रोफाइल है। एयरपोर्ट पर बने टॉवर से एयर ट्रैफिक कंटोलर्स हर वक्त प्लेन की उड़ानों पर नजर रखते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने के आपको रेडियो इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग बीटेक या डिप्लोमा करना होगा।

मीटिरियोलॉजिस्ट

एविएशन में मीटिरियोलॉजिस्ट का भी बड़ा रोल होता है। इसमे कैरियर बनाने के लिए अगर आपके पास मौसम विज्ञान, भौतिक, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित और दूरसंचार में ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है तो आप इसके लिए अप्लाई करने योग्य हैं।

टूर एंड ट्रैवल

अगर आप एविशन के क्षेत्र में रहकर अतिरिक्त कमाई करना चाहते हैं तो टूर एंड ट्रैवल आपके लिए बेस्ट होगा, इस क्षेत्र में आपको बहुत काम मिलेगा। इस क्षेत्र में आने के लिए आप 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर तीन वर्षीय बैचलर इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट और उसके बाद पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स भी कर सकते हैं।

यहां से कर सकते हैं कोर्स

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स, नई दिल्ली
- फ्रांकलिन एविएशन एकेडमी, दिल्ली
- विंग्स कॉलेज ऑफ एविएशन टेक्नोलॉजी, पुणे
- ए जे एविएशन एकेडमी, मुम्बई
- राजीव गांधी एविएशन एकेडमी, हैदराबाद
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स साइंस, जमशेदपुर
- हिंदुस्तान एविएशन एकेडमी, बंगलूरू

क्या है आर्कियोलॉजी? किस कोर्स के बाद मिलेगी हाई सैलरी

अगर आप इतिहास से लगाव रखते हैं और आप रोमांच के साथ रहस्य से पर्द उठाना चाहते हैं। साथ ही आपमें ऐतिहासिक चीजों को जानने और उनके बारे में तरह-तरह की जानकारियां पता करने की इच्छा है तो आप आर्कियोलॉजिस्ट के तौर पर अपना करियर बना सकते हैं। इतिहास और भूगोल के रहस्यों से पटे भारत में इसके अच्छे

हड़प्पा सभ्यता के बाद से भारत में ऐतिहासिक खोज न के बराबर हुई है और फिलहाल इतिहास संबंधित खोज को लेकर एक बड़ा वैक्यूम यहां बना हुआ है, जो बड़े आइडियाज और क्रिएटिविटी का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही दुनियाभर में शोध के लिए आर्कियोलॉजी के विद्यार्थियों की मांग है।

क्या है आर्कियोलॉजी

पृथ्वी पर छपी पुरानी सभ्यता और संस्कृति का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन करना व उनकी खोज करना आर्कियोलॉजी कहलाता है। आर्कियोलॉजी में उस इतिहास के बारे में यह जानने की कोशिश की जाती है कि पुरानी सभ्यताओं में लोगों का रहन- सहन कैसा था। किस तरह की वस्तुओं का वो इस्तेमाल करते थे। अनुमानों

लेकर तत्कालीन समाज और परिवेश के आकलन का काम भी एक आर्कियोलॉजिस्ट को करना होता है। साथ ही वह कार्बन डेटिंग और समय गणना का काम भी करता है। सभी तरह के ऐतिहासिक वस्तु या सभ्यता के वर्तमान से जुड़ाव और विकास के क्रम को निर्धारित करने की जिम्मेदारी भी एक आर्कियोलॉजिस्ट की होती है।

किस तरह का होता है कोर्स

अगर आप इस क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो आपको 12वीं की परीक्षा इतिहास विषय के साथ पास करनी होगी। इसके बाद आप आर्कियोलॉजी में डिप्लोमा, बैचलर, मास्टर और पीएचडी पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जिनमें प्रवेश के लिए अलग-अलग योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। इससे जुड़े कोर्स देश के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों से किए जा सकते हैं। मास्टर इन कंजर्वेशनए प्रिजरवेशन एंड हेरिटेज मैनेजमेंट और मास्टर इन आर्कियोलॉजी एंड हेरिटेज मैनेजमेंट जैसे कोर्स इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीढ़ी हो सकते हैं। इसके अलावा आप हिस्टॉरिकल आर्कियोलॉजी, जिओ आर्कियोलॉजी, आर्कियोबॉटनी, क्रॉनोलॉजिकल, एथनोआर्कियोलॉजी, एक्सपेरिमेंटल ऑर्कियोलॉजी, आर्कियोमेट्री जैसे कोर्स भी कर सकते हैं।

जरूरी योग्यता

एक बेहतरीन आर्कियोलॉजिस्ट अथवा म्यूजियम प्रोफेशनल बनने के लिए प्लीस्टोसीन पीरियड अथवा क्लासिकल लैंग्वेजए मसलन पाली, अपभ्रंश, संस्कृत, अरेबियन भाषाओं में से किसी की जानकारी आपको कामयाबी की राह पर आगे ले जा सकती है। आर्कियोलॉजी न केवल दिलचस्प विषय है बल्कि इसमें कार्य करने वाले प्रोफशनल्स के लिए चुनौतियों में भरा क्षेत्र भी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी विश्लेषणात्मक क्षमताए तार्किक सोचए कार्य के प्रति समर्पण जैसे महत्वपूर्ण गुण जरूर होने चाहिए। कला की समझ और उसकी पहचान भी आपको औरों से बेहतर बनाने में मदद करेगा।

यहां से कर सकते है कोर्स

- आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट
- कर्नाटक स्टेट यूनिवर्सिटी

जॉब ऑप्शन क्या हैं

आर्कियोलॉजी में कोर्स पूरा करने के बाद आपको जॉब के कई ऑप्शन मिलेंगे। जिनमें मुख्य रूप से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, नई दिल्ली, राज्यों में स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग, विभिन्न संग्रहालय, एनजीओ और यूनिवर्सिटी, विदेश मंत्रालय का हिस्टोरिकल विभाग, शिक्षा मंत्रालय, पर्यटन विभाग, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि।

सैलरी व संभावनाएं

यह ऐक ऐसा क्षेत्र है जहां पर आपको रोमांच और रहस्य के साथ अच्छी सैलरी भी मिलती है। अगर आपने किसी प्राइवेट सेक्टर में जाना चाहते हैं तो आप 30 से 50 हजार रूपये प्रतिमाह की जॉब आसानी से पा सकते हैं, जो अनुभव व आपकी खोज के साथ

जॉब प्रोफाइल के हिसाब से लाखों रूपये की सैलरी पा सकते हैं।

इंश्योरेंस इंडस्ट्री में करियर बनाना है बेहद आसान

इंश्योरेंस इंडस्ट्री एक ऐसी इंडस्ट्री है जो पिछले कुछ सालों से लगातार तेजी से विस्तार कर रही है, जिसके चलते एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड काफी बढ़ गया है। अगर आप भी इंश्योरेंस सेक्टर में करियर बनाने का सोच रहे हैं तो यह समय काफी अच्छा है, खास कर कोरोना के बाद इंश्योरेंस के हेल्थ सेक्टर में बूस्ट आया है। आज के समय लगभग हर परिस्थिति से निपटने के लिए बीमा कंपनियों के पास पॉलिसी हैं। जीवन बीमा, यात्रा बीमा, वाहन बीमा, स्वस्थ्य बीमा तथा गृह बीमा इनमें सबसे ज्यादा प्रचलित हैं।

एजुकेशन

इस क्षेत्र में जाने के लिए आप 12वीं व ग्रेजुएशन के बाद भी जा सकते हैं, लेकिन विषय का पूरा ज्ञान लेने के लिए एक्चुरियल साइंस से संबंधित कोर्सेस में स्नातक डिग्री के लिए मैथ्स या स्टेटिस्टिक्स में 55 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना आवश्यक है जबकि पीजी डिप्लोमा, मास्टर्स डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए मैथ्स-स्टेटिस्टिक्स, इकोनॉमेट्रिक्स सब्जेक्ट से स्नातक जरूरी है। स्टूडेंट्स, इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुरीज ऑफ इंडिया को मेंबर के तौर पर भी ज्वाइन कर सकते हैं। एक्चुरी प्रोफेशनल बनने के लिए स्टूडेंट्स को एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फेलो मेंबर होना जरूरी है। यह संस्थान इसमें कोर्सेस भी कराता है।

इंश्योरेंस का कार्य क्षेत्र

इसके लिए मैथ्स और स्टैटिस्टिक्स के मेथड्स का इस्तेमाल करके इंश्योरेंस और फाइनेंस इंडस्ट्री में जोखिम का अनुमान लगाते हैं। एक्चुरियल प्रोफेशनल्स यह हिसाब लगाते हैं कि किसी पॉलिसी होल्डर को प्रीमियम के तौर पर कितनी राशि का भुगतान करना होगा या किसी कंपनी को पेंशन या रिटर्न पर कितना खर्च करना होगा। प्रोफेशनल का काम अचानक घटी घटना के आर्थिक प्रभाव का अंदाजा लगाने का भी होता है। आज इस क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स को इंश्योरेंस इंडस्ट्री का बैकबोन भी कहा जाने लगा है।

स्किल व एलिजिबिलिटी

इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए खुद को अपडेट रखना जरूरी है। खुद में लोगों की परेशानी को समझने, नई तकनीक सीखने में हिचकिचाहट न होने, कम्युनिकेशन के साथ मैथ और स्टेटिस्टिक्स पर पकड़ मजबूत रखने जैसे स्किल का होना जरूरी है। अपनी योग्यता के आधार पर आप एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एंड असिस्टेंटए डेवलपमेंट ऑफिसरए इंश्योरेंस एजेंटए इंश्योरेंस सर्वेयरए एक्चुरी मैनेजरए रिस्क मैनेजर जैसे पदों पर काम कर सकते हैं।

जॉब्स के अवसर

अगर आपके पास एक्चुरियल साइंस की डिग्री है तो आपके लिए इन दिनों नौकरियों के लिए कई रास्ते खुल गए हैं। इंश्योरेंस, बैंकिंग, बीपीओ-केपीओ, आईटी सेक्टर, मल्टीनेशनल कंपनियों, फाइनेंशियल कंपनियों आदि में इनके लिए अच्छे मौके होते हैं। दूसरी तरफ, बीपीओ कंपनी में भी जोखिम के बारे में विश्लेषण करने के लिए बड़े पैमाने पर एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की हायरिंग होती है। बीपीओ में काम करने वाले एक्चुरी प्रोफेशनल्स की सैलरी भी आम बीपीओ एंप्लॉइज की तुलना में दो से तीन गुना अधिक होती है।

भारत में संभावनाएं इसलिए भी अधिक हैं, क्योंकि वैश्विक ग्राहकों को कम संसाधन और न्यूनतम लागत में अच्छी सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं। वहीं एक्चुरियल प्रोफेशनल्स की डिमांड सरकारी और प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों में ही नहीं, बल्कि टेरिफ एडवाइजरी कमिटी, इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी, सोशल सिक्योरिटी स्कीम, फाइनेंशियल एनालिसिस फर्म में भी है।

सैलेरी

इस क्षेत्र में आप फ्रेशर के तौर पर प्रतिमाह 20 से 30 हजार रुपये तक आसानी से पा सकते हैं। वहीं अनुभव व समय के साथ किसी उच्च पद पर पहुंचने पर आप 1 लाख रुपये का मासिक वेतनमान भी ले सकते हैं। यदि आपने किसी टॉप कॉलेज से एमबीए इन इंश्योरेंस किया है तो आप अपनी फर्स्ट जॉब में ही ज्यादा बेहतर वेतनमान की अपेक्षा कर सकते हैं।

प्रमुख संस्थान

कालेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
एकेडमी ऑफ इंश्योरेंस मैनेजमेंट, दिल्ली
बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, दिल्ल
इंश्योरेंस इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, मुंबई
एक्चुरियल सोसाइटी ऑफ इंडिया
अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़
यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे, पुणे
एमिटी स्कूल ऑफ इंश्योरेंस एंड एक्चुरियल साइंस, नोएडा

राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सर्वांगीण नेतृत्व

संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान लिखकर देश को नई दिशा और राह दिखाई। उस महान व्यक्ति को तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व ने केंद्र में मंत्री का पद तक नहीं मिलने दिया। इसके विपरीत आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में अपनी सुविधा के अनुसार परिवर्तन कर उसका प्रयोग किया। आजादी के बाद के दौर में गवई, प्रकाश आंबेडकर की तरह आंबेडकर की विचारधारा के नौ प्रमुख नेता चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। हालांकि, उन्हें कभी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल पाई। लेकिन, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी सरकार में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास अठावले को लगातार तीसरी बार जगह मिली है। अठावले एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो अपने विचारों और व्यापक नेतृत्व को महाराष्ट्र के साथ-साथ देश के कोने-कोने तक फैला रहे हैं। इसके जरिए देश ही नहीं विदेश में भी सवर्ण-दलित एकता कायम की जा रही है। इसके जरिए रामदास अठावले को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वसमावेशी शिव शक्ति-भीम शक्ति का झंडा लेकर चलने वाले अग्रणी नेता के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस शासनकाल में देश को भारी नुकसान उठाना पडा। कांग्रेस ने कई वर्षों तक बहुजन समाज का शोषण किया। कांग्रेस ने हमेशा बहुजन समाज का इस्तेमाल सिर्फ अपने लाभ के लिए किया। लेकिन, उन्हें कभी सही मायने में आगे नहीं आने दिया गया, उन्हें कभी राजनीति में आगे नहीं बढ़ने दिया गया। कांग्रेस ने कई बार बाबा साहेब का अपमान किया। इसी तरह रामदास अठावले को शिरडी सीट से हटाने के लिए भी पर्दे के पीछे से कई साजिशें रची गईं। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस का अहंकार खत्म कर रहे हैं। उनके कुशल नेतृत्व में देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। राजनीति में विश्वसनीयता और उपयोगिता दो कसौटी हैं। इन दोनों टेस्ट में रामदास अठावले की कप्तानी की परीक्षा हुई। इसलिए रामदास अठावले जैसे बहुजन, गणतांत्रिक विचार के नेता को तीसरी बार मंत्रिमंडल में जगह देकर उनका विधिवत सम्मान किया गया है। अठावले ने हमेशा अपने मंत्री पद का उपयोग समाज के लिए किया। साथ ही अपने पास आने वाले सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करने का प्रयास किया। हालिया लोकसभा चुनाव में देश में एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच मुकाबला था। वहीं महाराष्ट्र में महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच मुकाबला था। इस राजनीति में बड़े पैमाने पर दलबदल हुआ। सुबह एक नेता के दूसरी पार्टी में होने और शाम को दूसरी पार्टी में होने की चर्चा होती रही। ऐसे समय में कांग्रेस और इंडी की सहयोगी पार्टियों की ओर से भाजपा और मोदी जी के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया गया। इसमें कांग्रेस द्वारा भाजपा और मोदी के खिलाफ गलत बातें फैलाई जा रही थीं, जिसमें कहा गया था कि अगर भाजपा और मोदी दोबारा सत्ता में वापस आए तो वे संविधान बदल देंगे, जिससे लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। लेकिन, ऐसे हालात में भी रामदास अठावले एनडीए, मोदी के साथ बने रहे और देश भर में हुईं बैठकों में विपक्ष द्वारा फैलाया भ्रम दूर करने में अहम भूमिका निभाई। आजादी के बाद के दौर में प्रस्थापित पार्टियां देश के कोने-कोने तक नहीं पहुंच सकीं, वहीं रामदास अठावले के नेतृत्व वाली रिपब्लिकन पार्टी की शाखाएं सिक्किम, दीव-दमन, अंडमान-निकोबार, पांडिचेरी आदि स्थानों में हैं। पिछले 70 वर्षों में आंबेडकर के विचारों का एक भी नेता पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भीम शक्ति के विचारों को नहीं पहुंचा सका। नागालैंड जैसे सुदूर राज्य में रिपब्लिकन पार्टी के दो विधायक अपने दम पर चुने गए हैं। स्थानीय भाषा न जानने के बावजूद अठावले ने भीम शक्ति के विचारों को मन में जगाया और अब नागालैंड, मणिपुर आदि राज्यों में कई लोग नीला झंडा लेकर घूम रहे हैं। विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में इसकी सफलता के कारण ही आरआईपी को चुनाव आयोग द्वारा क्षेत्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी गई है। यह इस बात का संकेत है कि रामदास अठावले के नेतृत्व का प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। बाबा साहेब आंबेडकर के बेटे यशवंत उर्फ भैया साहेब आंबेडकर को राजनीति में ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई। भारिप नेता प्रकाश आंबेडकर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गए। इसमें विफल होने और इससे हुई बदनामी के चलते उन्होंने वंचित बहुजन अघाड़ी के जरिये बहुजन राजनीति करना शुरू कर दिया। इसी तरह से मायावती का नेतृत्व आया, लेकिन वह लंबे अंतराल तक नहीं चल पाया। राम विलास पासवान के निधन के बाद उनके बेटे ने राजनीतिक विरासत संभाली। लेकिन, चिराग पासवान की राजनीति अलग है। तो प्रकाश आंबेडकर, मायावती, पासवान भी राष्ट्रीय मंच पर सीमित दायरा लांघ कर राष्ट्रीय नेता नहीं बन पाए। इन नेताओं की तुलना में रामदास अठावले एक व्यापक नेता बनकर बहुजन समाज को आगे ले जा रहे हैं। कई वर्षों से सभी आंबेडकर प्रेमी मांग कर रहे हैं कि बाबा साहेब का एक भव्य स्मारक बनाया जाए। इसके लिए लाखों आंबेडकर प्रेमी मुंबई (महाराष्ट्र) चैत्यभूमि के पास दर्शन करने आते हैं। एक प्रस्ताव सामने आया कि यह स्मारक इंदु मिल क्षेत्र में उसी स्थान पर बनाया जाए। इसके लिए पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी प्रयास किए गए। लेकिन, कांग्रेस की अगुवाई वाली केंद्र और राज्य सरकारों ने कभी भी इस स्मारक के लिए आवश्यक पहल नहीं की। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने आंबेडकर के अनुयायियों को धोखा दिया।

आर्थिक प्रगति हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में निहित

ANALYSIS

प्रहलाद सबनानी

समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी। भारत के नागरिकों में आज स्व के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे भारत के हित सर्वोपरि हैं की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हतोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी।

किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता हुआ दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है और देश में शांति स्थापित करने के लिए भी समाज का विशेष योगदान रहता आया है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक ही यदि आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो देश में शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी। भारत के नागरिकों में आज स्व के भाव के प्रति जागृति दिखाई देने लगी है और वे भारत के हित सर्वोपरि हैं की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। अतः समाज के विभिन्न वर्गों के बीच यह जागरूकता फैलाने की आज महती आवश्यकता है कि भारत आज आर्थिक प्रगति के जिस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में देश में शांति स्थापित करने की भरपूर आवश्यकता है। क्योंकि, देश में यदि शांति नहीं रह पाती है तो विदेशी संस्थान भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित करने के प्रति हतोत्साहित होंगे और देश की आर्थिक प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के कालखंड में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के कालखंड को छोड़कर) पूरे विश्व में एक आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा है और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा है। वर्ष 712 ईसवी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था। परंतु, वर्ष 1750 ईसवी में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कम्पनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा बल्कि भारत की संस्कृति पर भी बहुत गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन संस्कृति में ही समाहित कर लिया था। इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूटखसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना भी था। आक्रांताओं ने जोर जबरदस्ती एवं मारकाट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। इन्होंने भारतीय नागरिकों के मन में सनातन हिंदू संस्कृति के प्रति घृणा पैदा की एवं अपनी पश्चिमी सभ्यता से ओतप्रोत संस्कृति को बेहतर बताया। अंग्रेज भारतीय नागरिकों के मन में ऐसा भाव पैदा करने में सफल रहे कि पश्चिम से चला कोई भी विचार भारतीय सनातन संस्कृति के विचार से बेहतर है। जबकि आज इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिल रहे हैं कि पश्चिम द्वारा किए गए लगभग समस्त आविष्कारों के मूल में भारतीय सनातन संस्कृति की ही छाप दिखाई देती है और उन्होंने यह विचार भारतीय वेद, पुराण एवं उपनिषदों से ही लिए गए प्रतीत होते हैं। कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज एक बार पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिंदू सनातन संस्कृति को मानने वाले हिंदू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न-भिन्न किया जाय। आज भारत में एक ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा है कि देश में हिंदू हैं ही नहीं बल्कि सिक्ख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि आदि। देश में जातियों के आधार पर जनसंख्या की मांग की जा रही है ताकि देश में प्रदान की जाने वाली समस्त सुविधाओं को हिंदू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके। जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों और इस प्रकार भारत को एक बार पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा-फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्राचीन भारत में वनवासी थे, ग्रामवासी थे, नगरवासी थे, इस प्रकार त्रिस्तरीय समाज था। भारतीय समाज विभिन्न जातियों में बंटा हुआ था ही नहीं। यह अंग्रेजों का षड्यंत्र था कि भारत में उन्होंने समाज को बांटो और राज करो की नीति अपनाई थी। अन्यथा हिंदू समाज तो भारत में सदैव से एकात्म भाव से रहता आया है। किसी भी देश में क्रांति सत्ता से नहीं आती है बल्कि समाज द्वारा ही क्रांति की जाती है। जिस प्रकार का समाज होगा उसी प्रकार की सत्ता भी देश में स्थापित होगी। अतः किसी भी देश को विकास की राह पर जाने से रोकने के लिए उस देश की संस्कृति को ही समाप्त कर दो। ऐसा प्रयास आज पुनः विदेशी ताकतों द्वारा भारत में किया जा रहा है। परंतु, अब एक बार पुनः भारत एक ऐसे कालखंड में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है जिसमें आगे आने वाले समय में विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भारत की तूती पूरे विश्व में बोलती हुई दिखाई देगी। ऐसे में कुछ देशों द्वारा भारत की आर्थिक प्रगति को विपरीत रूप से प्रभावित करने के लिए कई प्रकार की बाधाएं खड़ी किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। परंतु, देश में निवासरत लगभग 80 प्रतिशत आबादी हिंदू सनातन संस्कृति की अनुयायी है एवं हिंदू समाज में व्याप्त लगभग समस्त जातियों, मत, पंथों को मानने वाले नागरिकों में त्याग, तपस्या, देश प्रेम का भाव, स्व-समर्पण का भाव कूट-कूट कर भरा है। इसी कारण से यह कहा भी जाता है कि केवल हिंदू जीवन दर्शन ही आज पूरे विश्व में शांति स्थापित करने में मददगार बन सकता है। भारतीय जीवन प्रणाली अपने आप में सर्व समावेशक है। हिंदू सनातन धर्म का अनुपालन करने वाले नागरिक पशु, पक्षी, वनस्पति, पहाड़, नदियों आदि में भी ईश तत्त्व का वास मानते हैं और उनकी पूजा भी करते हैं। हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों में पला बढ़ा नागरिक अपने विचारों में सहिष्णु होता है तथा सभी जीवों में प्रभु का वास देखता है इसलिए वह हिंसा में बिल्कुल विश्वास नहीं करता है।

आजादी की क्रांति में हरियाणा

इतिहास उठाकर देखिए, हरियाणा का हर जर्रा खून से भीगा दिखाई देगा। आजादी की जंग जीतने में जहां देश के जवानों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं अंग्रेजों ने भी क्रूरता की हद पार कर दी थी। स्वतंत्रता आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल उठा था। बात 1857 की है, जब प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी के दीवाने जंग में कूद पड़े। उस दौरान हरियाणा से 3000 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अंग्रेजों ने कुछ को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया तो कुछ को गोली से उड़ा दिया। इस पर भी बस नहीं चला तो कई गांवों को जलाकर राख कर दिया गया। हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था। क्रांतिकारी सिपाही मंगल पाण्डेय के नेतृत्व में 10 मई 1857 को प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की शुरूआत की गई थी। इस दौरान 13 मई को जब गुड़गांव और अन्य जिलों में भी यह आग भड़की तो हरियाणा से बहुत से वीर इसमें शामिल हो लिए। इनमें कई वीरों ने अपनी जान गवांई। हरियाणा गर्व करता है कि देश की आजादी की क्रांति में उसका एक स्थान है। भारतीय इतिहास महाभारत से जुड़ा है जिसे अब हरियाणा कुरुक्षेत्र भूमि कहा जाता है। जहां सही और गलत के बीच सबसे बड़ी लड़ाई हुई। यह दिलचस्प है कि हरियाणा कई युद्ध दृश्यों के लिए एक युद्ध का मैदान रहा है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था। यह पहले पंजाब का हिस्सा था और इसलिए स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब का बहुत उल्लेख है, लेकिन लोगों के बलिदान के मामले में हरियाणा के योगदान के रूप में बहुत कम जाना जाता है। हरियाणा में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी 10 मई 1857 को अंबाला से शुरू हुई थी, यहीं पर देशी पैदल सेना के सैनिकों विद्रोह शुरू किया था। उसी दिन मेरठ स्थित देशी पैदल सेना में इसी तरह का विद्रोह किया, यह घटना तेजी से सभी भागों में फैल गई। किसान सैनिक और स्थानीय नेता पिनगवां के मेव सदरुद्दीन स्थानीय नेताओं जैसे राव तुलाराम और उनके चचेरे भाई गोपाल देव के नेतृत्व में एक साथ आए थे। जल्द ही समद खान, जनरल मोहम्मद अजीम बेग, राव किशन सिंह राव, रामलाल सभी मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो गए। साधारण, स्थानीय सैनिक और हरियाणा के स्थानीय नेता इस विद्रोह के लिए आगे आये थे, जबकि पड़ोसी क्षेत्रों के नेताओं ने इस महत्वपूर्ण समय के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। हरियाणा के अन्य हिस्सों की तरह, रोहतक में भी ब्रिटिश राज के सभी प्रतीकों पर हमला किया और खरखोदा के एक बिसरत अली जो अंग्रेजों में एक रिसालदार थे; सबर खान के साथ एक किसान नेता, स्थानीय लोग सभी एक साथ आए और रोहतक तहसील में ब्रिटिश संपत्ति और निवास पर हमला किया। रोहतक के डिप्टी कमिश्नर विलियम लॉज को रोहतक छोड़ना पड़ा लेकिन तहसीलदार बखावर सिंह और थानेदार भूरे खान के काम की मौत हो गई। अंत में 15 अगस्त 1857 को मेजर जनरल विल्सन द्वारा समर्थित लेफ्टिनेंट डब्ल्यूएसआर एडसन अपनी सेना के साथ खखोड़ा पहुंचे और संघर्ष में बिसरथ अली मारे गए। फिर वे रोहतक जिले में सबर खान को दबाने पहुंचे जो वहां विद्रोह का नेतृत्व कर रहे थे। सबर खान और रोहतक के स्थानीय किसानों के पास सीमित संसाधन थे, अंततः रोहतक में वो हार गए, जबकि इसी दौरान हिसार, हांसी और सिरसा के स्थानीय लोगों ने हुकुमचंद जैन, भतीजा फकीरचंद जैन ,मोहम्मद अजीम ,नूर मोहम्मद सभी ने मिलकर 29 मई 1857 को विद्रोह का नेतृत्व किया, उन्होंने हिसार के डिप्टी कमिश्नर सहित 12 यूरोपीय लोगों को मार डाला। इसमें हिसार के डिप्टी कमिश्नर जॉन वेडरबर्न अपनी पत्नी और बच्चे के साथ मारे गए। ब्रिटिश राज के खिलाफ विद्रोह के दौरान अंबाला, जींद के अलावा हरियाणा के अधिकांश शेष क्षेत्रों में अंग्रेजों को राजस्व देना बंद कर दिया। हालांकि 16 नवंबर तक यहाँ विद्रोह समाप्त हो गया और अंग्रेजों ने खुद को मजबूत किया। 10 अप्रैल 1875 के बाद हरियाणा में आर्य समाज जड़ें जमाने लगा, स्वामी दयानंद ने मुंबई में आर्य समाज की शुरूआत की। आर्य समाज ने मूर्ति पूजा के खिलाफ आवाज उठाई। विधवा विवाह, अस्पृश्यता और स्त्री शिक्षा पर जोर दिया। आर्य समाज को हरियाणा के लोगों से ऐसे क्षण में बहुत समर्थन मिला। जो न केवल मधुर जागरण था बल्कि राष्ट्रीय विचार को भी जन्म देता था। इसका ब्रिटिश राज के खिलाफ बाद के उदय में एक बड़ा प्रभाव पड़ा। लाला लाजपत राय ने हरियाणा में सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की। उनके पिता ने रोहतक में स्कूल बनवाया और लाला लाजपत राय ने आर्य समाज को एक प्रमुख तरीके से बढ़ावा दिया। कई अन्य प्रमुख नाम थे जिन्होंने योगदान दिया जैसे चौधरी मातूराम और उसके पुत्र चौधरी रणवीर सिंह। हरियाणा में 1886 में झज्जर में सनातन धर्म सभा दीन दयालू शर्मा द्वारा शुरू किया गया। संस्कृत के उपयोग को बढ़ावा दिया और हिंदी भाषा की शिक्षा को बनाए रखा। इस आंदोलन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण नाम स्वामी श्रद्धानंद चौधरी, माथुराम, भगत फूल सिंह, भीम सिंह थे। जो विभिन्न सामाजिक बुराइयों के खिलाफ थे। हरियाणा में सामाजिक मूल्यों के विकास में सनातन धर्म ने अहम योगदान दिया। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म एलेन ऑक्टेविय एक ब्रिटिश सिविल सेवक के प्रयासों से हुआ। मगर वो शिक्षित भारतीयों और आम आदमी दोनों के साथ अपनी संस्था में नहीं बढ़ रहा था। प्रथम विश्व युद्ध के साथ अंग्रेजों ने समर्थन के लिए स्थानीय भारतीयों की ओर रुख किया और भारत ने ब्रिटिश साम्राज्य की ओर से युद्ध के लिए हामी भर दी। हरियाणा फिर से इस मामले में पहले स्थान पर था।

Social Media Corner

सच के हक में...

रेल पटरी से उतर रही है और साथ ही हमारी उम्मीदें भी। क्या रेलवे वाकई किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है? बीते कुछ साल में रेल मंत्रालय की दुर्घटनाओं के प्रति निष्क्रियता और घटिया क्वालिटी के रेल पटरियों का उपयोग के कारण ही इतनी घटनाएं हो रही हैं। अब समय है कि हम आवाज उठाएं और सुरक्षित रेल यात्रा की मांग करें।

(कल्पना सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

ये है हेमंत सरकार का युवा विरोधी चेहरा, ये है हेमंत के कर्मचारी चयन आयोग का खेल! चतरा जिला के दिव्यांग युवा अनिल दांगी जी ने शिक्षक भर्ती की परीक्षा उत्तीर्ण की थी लेकिन जेएसएससी ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए सूचित ही नहीं किया। अब दिव्यांग अनिल दांगी जी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। आखिर एक बोलने-सुनने वाले युवक को मूक-बधीर श्रेणी में पीजीटी शिक्षक की नौकरी देने का कुचक्र रचने वाली जेएसएससी एक वास्तविक दिव्यांग युवा की नौकरी क्यों खत्म कर रही है? क्या हेमंत सरकार ने दिव्यांग कोटा वाली आरक्षित सीट को भी बेच दिया है?

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

बांग्लादेश से मिल रहे संकेत खतरनाक

